


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 60 | ग्वालियर गुरुवार 01 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## दिल्ली में बेहद खराब श्रेणी में पहुंचा वायु प्रदूषण एक्यु आई 346 के पार



देश की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का लेवल खराब से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है. सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार दिल्ली में, 346 (बहुत खराब) श्रेणी में है. दिल्ली की आबोहवा में फैले इस जहर का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है. लोगों को जहां सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आंखों में जलन और सीने में जकड़न जैसी समस्याएं भी पेश आ रही हैं. डॉक्टरों ने भी वायु गुणवत्ता के इस स्तर को लोगों के स्वास्थ्य ले लिए बहुत नुकसानदेह बताया है. डॉक्टरों कि सलाह है कि कोई जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकला जाएँ. इसके साथ ही मॉर्निंग व इवनिंग वॉक पर न निकलने की भी हिदायत गई है.कोहरा बढ़ा रहा परेशानी-केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ताजा रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के कई इलाके ऐसे हैं जहां एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के बार रिकॉर्ड किया गया है. इसके साथ ही आने वाले समय में स्मॉग का प्रभाव और ज्यादा देखने को मिल सकता है. सीपीसीबी की रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में सुबह घना कोहरा और हवाओं में धीमापन देखा जा रहा है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है.

**इन इलाकों में वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खराब**–अगर घने वायु प्रदूषण वाले क्षत्रों की बात करें तो आनंद विहार में 414, अलीपुर 400, अशोक विहार 397, बवाना 405, आईजीआई एयरपोर्ट 350, द्वारका सेक्टर-8 में 399, आईटीओ 346, नजफगढ़ 314, ओखला फेज दो 363, सोनिया विहार 395 और आया नगर में एक्यूआई का लेवल 312 दर्ज किया गया

## मल्लिकार्जुन को बीजेपी ने घेरा, पीएम पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में बीजेपी ने जोरदार हमला बोला है. बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को माफी मांगने की सलाह दी है. संबित पात्रा ने कहा कि खडगे ने जिस तरह की बोली-भाषा का इस्तेमाल गुजरात के बेटे के लिए किया है, वो किसी भी तरह से सही नहीं है. उन्हें अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए. संबित पात्रा दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय मुख्यालय पर मीडिया से मुखातिब हो रहे थे. संबित पात्रा ने कहा कि जिस तरह से खडगे ने बयान दिया है, वो बेहद आपत्तिजनक है.



**संबित पात्रा ने बताया पूरे गुजरात का अपमान**– संबित पात्रा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खडगे का बयान पूरी तरह से गलत है. गुजरात के बेटे के लिए जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल हुआ है, वो सही नहीं है. उनका ये बयान कांग्रेस की मानसिकता को दिखाता है. ये न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान है, बल्कि हरेक गुजराती का अपमान है.

## यूपी एसटीएफ ने 155 कछुओं के साथ एक को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।**उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक बिहार निवासी को अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी रैकेट में शामिल होने के आरोप




रामद किए हैं. एसटीएफ के मुताबिक गोपालगंज निवासी नीरज दीक्षित को लखीमपुर खीरी के निघासन-डकरावा रोड से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह कछुओं को रैकेट से जुड़े एक अन्य व्यक्ति को सौंपने जा रहा था. दीक्षित गिरोह के वाहक के रूप में काम करता था और वन्यजीवों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाता था.हिरासत में लिए जाने के बाद अधिकारी उससे गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ कर रहे हैं. एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश से हर साल करीब 20,000 कछुओं की तस्करी की जाती है. जीवों के अंधाधुंध शिकार और तस्करी ने वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो को अलर्ट जारी करने के लिए प्रेरित किया है. अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई गिरोहों के सदस्य गंगा, यमुना, चंबल, घाघरा, शारदा, केन, बेतवा और राप्ती नदी के आसपास कछुओं की तलाश में घूमते हैं.

## भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास सोमवार से होगा



**नई दिल्ली।**भारतीय सेना और ऑस्ट्रेलियाई सेना की टुकड़ियों के बीच द्विपक्षीय सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास सोमवार से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में होने वाला है. सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सेना की एक स्पेशल ब्रिगेड भारत पहुंच चुकी है. यह ऑस्ट्रा हिंद की सीरीज में पहला अभ्यास है, जिसमें दोनों सेनाओं के सभी हथियारों और सेवाओं की भागीदारी होगी. रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई सशस्त्र बलों द्वारा संयुक्त सैन्य अभ्यास 28 नवंबर से शुरू होगा और यह 11 दिसंबर तक चलेगा.रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सेना की टुकड़ी, जिसमें सेकेंड डिवीजन की 13वीं ब्रिगेड के सैनिक शामिल हैं, अभ्यास स्थल पर पहुंच गई है. भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व डोगरा रेजिमेंट के सैनिकों द्वारा किया जाता है. अभ्यास ऑस्ट्रा हिंद एक वार्षिक कार्यक्रम होगा जो भारत और ऑस्ट्रेलिया में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाएगा.

## अपने दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची बिल्किस बानो



**नई दिल्ली**– गुजरात के बहुचर्चित दंगों के समय गैंगरेप का शिकार बनी बिल्किस बानो अब सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं. उन्होंने गैंगरेप और अपनी 3 साल की बेटी को उनके ही सामने मार डालने वालों की रिहाई के खिलाफ अपील की है. बिल्किस बानो ने अपने 11 अपराधियों की रिहाई का विरोध किया है, जिन्हें कोर्ट में अपराधी ठहराया जा चुका है और जो सालों की जेल की सजा भी भुगत चुके हैं. बिल्किस बानों का कहना है कि अपराधियों ने क्रूरता की सभी हदें पार कर दी थी. उन्होंने मेरे परिवार के 7 लोगों की जान ले ली और उन्हें छोड़ दिया गया. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में इस आधार पर पुनर्विचार याचिका लगाई है कि सुप्रीम कोर्ट उन सभी के कारनामों पर फिर से विचार करे और उनकी रिहाई का फैसला कैंसिल कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजे.

**सीजेआई करेंगे याचिका पर फैसला**–ये मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत में दायर हुआ है. इसी मामले से जुड़ी एक अन्य याचिका भी उनके पास मौजूद है. अब वो ये तय करेंगे कि दोनों मामलों की सुनवाई एक साथ हो या अलग-अलग. बता दें कि बिल्किस बानो के दोषियों में से एक राधेश्याम शाह को 15 अगस्त को गुजरात सरकार ने जेल से रिहा कर दिया था. शाह को मुंबई में साल 2008 में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी. वो 15 साल 4 महीने जेल में रहा था. उसी आधार पर बाकी अपराधियों को बार में रिहा कर दिया गया. इस बारे में सुप्रीम कोर्ट ने भी रिहाई का आदेश दिया था. और राधेश्याम शाह के फैसले को ही अन्य पर लागू किया था. बता दें कि संविधान के आर्टिकल 72 और 161 के तहत राष्टपति और राज्यपाल के पास विशेष शक्तियां होती हैं, जिसमें वो राज्य सरकार की सिफारिश पर किसी की सजा कम या खत्म कर सकते हैं.

**सरकार की तरफ से आई थी ये सफाई**–वहीं, इसी मामले में गुजरात सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह मंत्रालय) राज कुमार ने भी बयान दिया था. उन्होंने बताया कि 14 साल जेल की सजा सभी अपराधी काट चुके थे. इसके बाद ही सजा माफी, या जमानत याचिका के बारे में अपील की जा सकती है. इन सब में अपराधियों के चाल चलन की भी रिपोर्ट दर्ज होती है. जिन भी अपराधियों को रिहा किया गया है, वो कानून के तहत ही हुआ है. और वो उम्रकैद की सजा के मामले में कम से कम 14 साल की सजा पूरी कर चुके हैं.

## तकनीकी आत्मनिर्भरता से जुड़ा भारत का विकास विदेश मंत्री एस जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत तेजी से विकास कर रहा है, तो इसके पीछे की वजह है भारतीय तकनीकी का विकास. आज के युग में किसी भी देश के आगे बढ़ने की संभावना होती है, जब वो देश तकनीकी आधारित विकास कर रहो. नई तकनीकी को खोज रहा हो और उनका इस्तेमाल कर रहा हो. विदेश मंत्री एस जयशंकर वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन 2022 में बोल रहे थे, जिसका आयोजन राजधानी दिल्ली में हो रहा है.



**डिजिटल दुनिया में बजेगा भारत का डंका**–वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन 2022 में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत का विकास भारतीय प्रौद्योगिकी के विकास से गहराई से जुड़ा हुआ है. उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आज भू-राजनीति के केंद्र में है...टेलीकॉम की डोमेन में भारत को विश्वसनीय की अवधारणा से देखा जाता है. मुझे लगता है कि हम आने वाले दिनों में डिजिटल पक्ष पर भी भारत की विश्वसनीय के बारे में सुनेंगे.

## एशिया के सबसे बड़े एयर शो के आयोजन की तैयारियां पूरी

**नई दिल्ली।**एशिया के सबसे बड़े एयर शो के आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. इस बार भी ये एयर शो बेंगलुरु के येलाहांका एयर फील्ड पर आयोजित होगा, जहां पूरी दुनिया इंडियन एयरफोर्स की ताकत देखेगी. भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की तरफ से इस आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. येलाहांका एयर फोर्स स्टेशन पर 13-17 फरवरी को एरोइंडिया-2023 का आयोजन किया जाएगा. जिसमें इंडियन एयरफोर्स के घातक विमान अपना जौहर दिखाएंगे. इस एयर शो में तेजस के दो-तीन वर्जन शामिल होंगे ही, साथ ही राफेल, जगुआर, मिराज भी अपना दम दिखाएंगे.**सैन्य अभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलियाई सेना पहुंची भारत**–इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई सेना की टुकड़ी भारत पहुंच चुकी है.

## राजनाथ ने प्राइवेट सेक्टर से रिटायर सैनिकों को अवसर देने की विनती की

**नई दिल्ली।**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से आर्म्ड फोर्सिस फ्लैग डे फंड में उदारता से योगदान देने की अपील की है और निजी क्षेत्र से हर साल कम उम्र में सेवानिवृत्त होने वाले लगभग 60,000 सैनिकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने का आग्रह किया है. मंगलवार को यहां सशस्त्र सेना फ्लैग दिवस सीएसआर कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने नागालैंड में कोहिमा युद्ध स्मारक पर अंकित एक सैनिक के संदेश का विशेष उल्लेख किया, जिसमें लिखा था, जब आप घर जाएं तो उन्हें हमारे बारे में बताएं और कहें कि आपके कल के लिए हमने अपना आज कुर्बान कर दिया. उन्होंने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों की मदद करना देश की सामूहिक और नैतिक जिम्मेदारी है.राजनाथ ने कहा, आजादी के बाद से चाहे युद्ध जीतने की बात हो या सीमा पार से आतंकवाद विरोधी गतिविधियां, हमारे जवानों ने सभी चुनौतियों का साहस और मुस्तैदी से मुंहतोड़ जवाब दिया है. इस प्रक्रिया में उनमें से कई ने सर्वोच्च बलिदान दिया और कई शारीरिक रूप से अक्षम हो गए. इनके ऊपर इनके परिवार की पूरी जिम्मेदारी है. इसलिए, यह हमारी परम जिम्मेदारी है कि हम आगे आएं और अपने सैनिकों और उनके परिवारों की हर संभव मदद करें. यह हमारे वीर जवानों की वजह से है, जो हमेशा सीमाओं पर सतर्क रहते हैं, हम चैन से सोते हैं और बिना किसी डर के अपना जीवन जीते हैं.राजनाथ सिंह ने देश के वीरों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि इस दिशा में कई पहल की गई हैं. पहल में भारत के वीर पोर्टल शामिल है, जिसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों और जवानों के कल्याण के लिए राजनाथ सिंह के गृह मंत्री रहते हुए लॉन्च किया गया था.उन्होंने जोर देकर कहा कि जिस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं है,



## विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संकट के बीच यू एन एससी की अध्यक्षता संभालेगा भारत



**संयुक्त राष्ट्र**–भारत एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय संकट के समय गुरुवार को सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा. ऐसे में भारत को संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय में अपनी राजनयिक क्षमता का उपयोग करने की जरूरत है. स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज एक अत्यधिक ध्रुवीकृत परिषद के अध्यक्ष के रूप में कदम रखेंगी जहां यूक्रेन के खिलाफ रूस के विनाशकारी युद्ध के वीटो-शक्तिशाली होने की स्थिति में पश्चिम मास्को और बीजिंग के खिलाफ है. भारत आतंकवाद के खतरे पर प्रकाश डालना जारी रखने के लिए अपनी अध्यक्षता का उपयोग करेगा. विदेश मंत्री एस. जयशंकर आतंकवाद से वैश्विक खतरे पर 15 दिसंबर को परिषद की एक विशेष उच्च स्तरीय बैठक की व्यक्तिगत रूप से अध्यक्षता कर सकते हैं. उन्होंने ट्वीट किया, हम आतंकवादी कृत्यों के कारण अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक खतरे पर एक ब्रीफिंग आतंकवादी अधिनियम- आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए वैश्विक दृष्टिकोण- चुनौतियां और आगे का रास्ता आयोजित करेंगे.सिग्नेचर इवेंट्स के रूप में जाने जाने वाले ऐसे सत्रों को बुलाना राष्ट का विशेषाधिकार है जो अपनी प्राथमिकताओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए अध्यक्ष पद धारण करता है.परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति के अध्यक्ष के रूप में पिछले महीने मुंबई और नई दिल्ली में आयोजित भारत की एक विशेष बैठक के बाद यह सत्र आयोजित किया जाएगा.अध्यक्ष पद की तैयारी कर रही

## दिल्ली–यूपी समेत इन राज्यों में और बढ़ेगी ठंड, यहां बारिश की भी चेतावनी

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत इस समय



सर्द मौसम के आगोश में समा चुका है. पिछले कुछ दिनों में ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में ठंड बढ़ी है. हालांकि ठंड बढ़ने की मुख्य वजह पहाड़ों पर पिघल रही बर्फ को माना जा रहा है. मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों में इस समय जमकर बर्फबारी हो रही है, जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ना शुरु हो गई है. यह बर्फबारी का ही नतीजा है कि दिल्ली-एनसीआर में शीत लहर चल रही हैं.

**कई राज्यों में बारिश की चेतावनी**–भारतीय मौसम विभाग के अनुसार केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक समेत दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में अभी बारिश से राहत नहीं मिल पाई है. यहां बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है. मौसम विभाग ने इन राज्यों में आज भी बारिश की संभावना जताई है. इसके साथ ही अंडमान और निकोबार और लक्ष्यद्वीप में भी मध्यम या हल्की बारिश हो सकती है. हालांकि मौसम विशेषज्ञों ने देश के ज्यादातर भागों में न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव न होने के संकेत दिए हैं. उत्तर भारत की बात करें तो राजस्थान में शीत लहर और बिहार में पछुआ हवा चलने की वजह से ठंड बढ़ी है. दिल्ली और उत्तर प्रदेश सुबह में कोहरे की सफेद चादर ढके देखा जा सकता है.

## आईएस से प्रेरित आतंकवाद भारत और इंडोनेशिया के शांति के लिए खतरा एनएसए

**नई दिल्ली।**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि सीमा पार आईएस से प्रेरित आतंकवाद भारत और इंडोनेशिया के लिए खतरा बना हुआ है. वह दोनों देशों में आपसी शांति और सामाजिक सद्भाव की संस्कृति को बढ़ावा देने में उलेमा की भूमिका पर विचार साझा कर रहे थे. डोभाल ने सोमवार को दिल्ली में इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इंडोनेशिया आतंकवाद और अलगाववाद के शिकार हुए हैं, हालांकि चुनौतियों पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है.कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने इंडोनेशिया में हाल ही में आए भूकंप के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की.

## आर बीआई1 दिसंबर से डिजिटल रुपया योजना का पायलट प्रोजेक्ट शुरूआत करेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की खुदरा डिजिटल रुपया (ईए,-आर) के लिए पहली पायलट परियोजना 1 दिसंबर, 2022 को शुरू की जाएगी. आरबीआई द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पायलट



भाग लेने वाले ग्राहकों और व्यापारियों के क्लोजर यूजर ग्रुप (सीयूजी) में चुनिंदा स्थानों को कवर करेगा. ईए,-आर एक डिजिटल टोकन के रूप में होगा जो कि लीगल टेंडर होगा. यह उसी मूल्यवर्ग में जारी किया जाएगा जैसे वर्तमान में कागजी मुद्रा और सिक्के जारी किए जाते हैं. यह बिचौलियों, यानी बैंकों के माध्यम से वितरित किया जाएगा. इस पायलट प्रोजेक्ट में चरणबद्ध भागीदारी के लिए आठ बैंकों की पहचान की गई है.पहला चरण देश भर के चार शहरों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ शुरू होगा. बाद में चार और बैंक -- बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल होंगे.पायलट शुरू में मुंबई, नई दिल्ली, बेंगलुरु और भुवनेश्वर यानि चार शहरों को कवर करेगा

## आवास योजना से करीब 10 लाख लोगों को होगा लाभः हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** 4 दिसंबर को होने वाले एमसीडी चुनाव से कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को एक हाउसिंग स्कीम लॉन्च की, जिससे करीब 10 लाख लोगों को फायदा होने की उम्मीद है. मीडिया को संबोधित करते हुए, मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, 10 लाख लोग इसके लाभार्थी होंगे. अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए पीएम उदय से लगभग 50 लाख लोगों को लाभ होगा. 2 करोड़ आबादी में से 1.35 करोड़ लोग हमारी रि-डिवेलप्मेंट प्लान से लाभान्वित होंगे. उन्होंने कहा, अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान मिलेंगे.उन्होंने आगे बताया, जनगणना 2011 के मुताबिक दिल्ली की जनसंख्या 1.6 करोड़ है. अब यह लगभग 2 करोड़ नागरिकों के साथ दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला शहरी समूह है (टोक्यो के बाद दूसरा). 2041 में दिल्ली की आबादी 2.92 करोड़ हो जाने का अनुमान है. दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राजधानी होने के नाते, दिल्ली एक गतिशील बढ़ते जीव की तरह है. विभिन्न तंत्रों के माध्यम से शहरी विकास सुनिश्चित कर शहर में सबका विकास सुनिश्चित किया जा रहा है.मास्टर प्लान के बारे में बात करते हुए, मंत्री ने कहा, मास्टर प्लान 2041, जो अब अंतिम चरण में है, दिल्ली के विकास के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए एक दूरदर्शी दस्तावेज बनने जा रहा है. इसमें मौजूदा कॉलोनियों और विकास, लैंड



पूलिंग और हरित विकास क्षेत्र नीति के माध्यम से ग्रीनफील्ड विकास और दिल्ली में आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए नीतियां होंगी.शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे की रीढ़ है, इसलिए, शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने वाले सार्वजनिक परिवहन के साथ-साथ चलने की क्षमता और साइकिल चलाने के प्रावधान दिल्ली के आगामी मास्टर प्लान 2041 में प्रावधान हैं.अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, 299 जेजे क्लस्टर हैं जहां पुनर्वास की जिम्मेदारी दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) पर डाल दी गई है, जो दिल्ली सरकार के अधीन आता है. दुर्भाग्य से, आज तक कोई काम नहीं किया गया है.

# क्या ये दुनिया स्त्रियों के लायक है

**आर,एस रजक**
**पुष्पांजलि टुडे**

क्यूँ हमेशा महिलाओं को दुनिया के लायक बनाने पर ज़ोर दिया जाता है?

सवाल ये है कि, क्या दुनिया स्त्रियों के लायक है?

अगर है! तो साहित्य कौनसे विमर्श की बातें कर रहा है? पेपर पत्रिकाओं में रोज़ छप रहे स्त्री दमन के किस्से कौन छपवा रहा है? नारिवाद का जन्म इसी समाज से उद्धव हुआ है और यही समाज नारियों को जीने के तौर तरीके सीखा रहा है!

हर बेटी जन्म से ही दुनियादारी सीख कर आती है। पर, बेटियों का दो पायदान उपर चढ़ना अखरता है दुनिया को, तभी सदियों से कमतर समझा जाता है महिलाओं को।

मर्दों के मुकाबले कमज़ोर होती है महिला ऐसी सोच को समय, समय पर हवा दी जाती है। जब कि हकीकत ये है कि महिलाओं से मजबूत कोई हो ही नहीं सकता! तभी तो ईश्वर ने औरत को माँ बनने की अधिकारी बनाया है।नौ महीने चार किलो का पिंड़ बाँधकर रहना और नाक में से नारियल निकालने जितनी वेदर्ना स्त्री ही सह सकती है। खोखली मानसिकता है दुनिया की कि औरतें कमज़ोर होती है। जब किसी महिला के पति का देहांत हो जाता है तब महिला बड़ी खुमारी और हिम्मत से बच्चों और परिवार को पालने का दम रखती है। पर पत्नी की मृत्यु हो जाने पर पुरुष टूट जाता है, नहीं संभाल पाता परिवार और काम की दोहरी जिम्मेदारी; जितनी जल्दी हो सके दूसरा ब्याह रचाकर घर संभालने वाली ले आता है। तो



कहो कौन सहनशील हुआ बदलते वक्त के साथ सबकुछ बदला एक महिलाओं को लेकर समाज की विचारधारा नहीं बदली। आज की लड़की की काबिलियत बयाँ करें तो उनकी सोच की सीमा सीमित नहीं रही, झंडे गाड़ने की आदी बन गई है। किस्मत के भरोसे नहीं बैठती मेहनत और लगन से लकीरों में खुशियाँ भरना खुद सीख गई है।आकांक्षाओं का ओज है इनकी आँखों की सुराही में, नशा है आज़ाद गगन को अपने नाम लिखवाने का। खुद की पहचान को जन्म देने का जुनून ले चला है उस क्षितिज तक, जहाँ से दिखती है अपनी विराट शख्सियत उन लड़कियों को। सत्तात्मक आवाज़ को रोंद दिया है रोबिले अंदाज़ की चकाचौंध से और नवचेतना से ललकार दिया है मर्दाना अहं के बवंडरों को, लघुता को देहरी पर बाँधकर कॉर्पोरेट जगत की सरताज बनी बैठी है। थी कभी विषम परिस्थितियाँ और मंज़िल की परछाई भी धूमिल थी पर, परवाज़ लिए हौसलों की, पगडंडी से कूच करती पैवेलियन तक पहुँच गई है। ना! नहीं रही अबला, बेचारी, बेबस खुद को तराशते झिलमिलाता गौहर बन गई है। आज की नारी कहाँ से कहाँ पहुँच गई है। इसीलिए अब समय आ गया है बेटियों को कमज़ोर कहना, समझना और लिखना बंद कर देंगे तभी इनकी ताकत को उजागर कर पाएँगे। शुरुआत घर से करें, बेटा-बेटी का भेदभाव ख़त्म करके बेटियों का पालन भी बेटों के बराबर करें। घर से असमानता मिटेगी तभी समाज में दिखेगी; वरन सदियों से चली आ रही मानसिकता के चलते लड़कियों के प्रति समाज कभी न्याय नहीं कर पाएगा।**भावना ठाकर भावु बेंगलोर**

# देवभोग धान खरीदी हुआ प्रभावित सोसाइटी कर्मी धान खरीदी से हो रहे हैं दूर दो समितियों ने किया खरीदी बंद जाने कैसे किया है मामला

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग- धान खरीदी हुआ प्रभावित देवभोग ब्लॉक मे सोसायटी कर्मि धान खरीदी से हो रहे दूर । 2 समितियों झाकरपारा ,झिरीपाना ने किया खरीदी बंद तो अन्य समिति किसानों के दबाव मे खरीदी करने पर हो रहे मजबूर। धान का समय पर उठाव नहीं होना समितियों के लिए सर दर्द बनता दिख रहा है। पड़ताल करने पर 8 समितियों मे पाया गया बफर लिमिट से ज्यादा धान निष्टीगुड़ा बफर लिमिट 5000 कुल खरीदी 9904 कुल परिवहन 3150 परिवहन शेष 6754 देवभोग बफर लिमिट 5000 कुल खरीदी 12614 कुल परिवहन 5080 परिवहन शेष 7534 झाकरपारा बफर लिमिट 5000 कुल खरीदी 16114 कुल परिवहन 7820 परिवहन शेष 8294 लाटापारा बफर लिमिट 5000 कुल खरीदी 20117 कुल परिवहन 11790 परिवहन शेष 83027 झिरीपाना बफर लिमिट 5000 कुल खरीदी 8552 कुल परिवहन 1990 परिवहन शेष 6562 खोकसरा बफर लिमिट 4000 कुल खरीदी 4820 कुल परिवहन 1640 परिवहन शेष 3180 रोहनागुड़ा बफर लिमिट 5000 कुल खरीदी 10940 कुल परिवहन 2900 परिवहन शेष 8040 दिवानमुड़ा बफर लिमिट 5000 कुल खरीदी 18565 कुल परिवन 5410 परिवहन शेष 13155 गोहरापदर बफर लिमिट 4936 कुल खरीदी 17062 कुल परिवहन 13130 शेष परिवहन 3932 जबकि धान उठाव अब तक हो जाना चाहिए था परंतु एन.एच 130 के चौड़ीकरण के कारण भुगतना पड़ता है समितियों को। कोई एफआईआर का शिकार बनता है तो कोई रिकवरी का यदि इस तरह का



परिवहन मे समस्या उत्पन्न होने के कारण उठाव मे कमी होना बताया जा रहा है जबकि मौसम साफ है और सैकड़ों गाड़ी एन.एच 130 से आवागमन कर रही है।प्रशासन तय समय अवधि पर धान का उठाव नहीं करती और खामियाजा रवैया रहा तो इस बार भी समितियों को हो सकता है भारी नुकसान समस्त मंडी समिति चाहते है धान का उठाव सही समय पर हो और धान खरीदी प्रभावित ना हो प्रसाशन को इस विषय में गंभीर होना ही समस्या का समाधान होगा।

# भवन के सांथ अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई में बाधाएं

**केरगांव - जिला गरियाबंद (छ.ग )**

आदिवासी बाहुल्य ग्राम से 25 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मौहाभांठा आश्रित ग्राम केरगांव ,मलेवा अंचल में बसे आदिवासियों की बस्ती , जहां पर भुंजिया जनजाति व गोंड़ समाज के लोग निवासरत हैं । वहीं प्राथमिक शाला भवन सन् 2006 से जर्जर हो गया , जो बैठने योग्य नहीं है। इसलिए नया अतिरिक्त भवन की स्वीकृति अति आवश्यक है। कक्षा 1ली से 5वी तक के बच्चों को जिस अतिरिक्त भवन में बिठाते हैं वे अतिरिक्त भवन बरसात के दिनों में पानी टपकता है । और बैठने योग्य ये भवन भी नहीं है । ऐसे भवन में बच्चों को बिठाकर पढ़ाया जाता है । और पूर्व माध्यमिक शाला में किचन सेट की व्यवस्था भी नहीं होने के कारण खाना पकाने में भारी परेशानी की समाधान करना पड़ता है । एक तरफ शासन प्रशासन स्वच्छता के ऊपर बड़ी-बड़ी बातें करती है, यहां पर देखा जाए तो बालका शौचालय कि व्यवस्था भी नही है। कक्षा पहली से पांचवी तक 02 शिक्षक हैं। शिक्षक की कमी होने के कारण बच्चों की पढ़ाई में बहुंत ज्यादा बाधाएं आ रही है । प्रशासन की अनदेखी के कारण आदिवासी बच्चों की भविष्य खराब होती जा रही है । साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला की सौंदर्य में बाधाएं , वृक्षारोपण तो करते हैं, लेकिन बाउंड्री बाल नहीं होने के कारण उचित देखभाल नहीं हो पाता जिसके कारण स्वच्छता और सौंदर्य की कमी पाई जाती है । यह जानकारी समाजसेवी मनोज कुमार पटेल, खगेश्वर भुंजिया ,बीरबल सोनवानी, रामेश्वर भुंजिया ,विजय कमार, रेखा राम ध्रुव के सानिध्य में ग्रामणों ने, जिला प्रशासन की व्यवस्था को नाराजगी जताते हुए ,छबि लाल गोंड़ पोस राम, हरिशंकर , पुनीत राम भुंजिया, भोजराज जगत ,हीरा सिंह मांझी, द्वारा बताया गया । इन सब बिंदु पर जिला प्रशासन को उचित ध्यान देना चाहिए और तत्काल जांच पड़ताल कर भवन ,बाउंड्री बाल और शिक्षक की अतिशीघ्र मांग किये हैंग्रामीणों ने यह भी बताया कि पेयजल की भारी समस्या को लेकर परेशान करना नल जल योजना अधूरा कर छोड़ दिया गया , सीसी रोड को गड्ढा खोद दिए हैं, इसपर बरसात के दिनों में भारी दलदल व किचड़ होती है । जिस पर आम जनता को चलने में भारी परेशानी का सामना करनी पड़ती है।ग्रामीणों का कहना है सरकार बड़ी-बड़ी बातें तो करती है जिला कार्यालय से 25 किलोमीटर दूर में कोई समस्याएं या कार्य अधूरी है । तो दूर-दूर की क्या हालत होगी निम्न बिंदु पर जिला प्रशासन उचित व्यवस्था करें ।




## दो पक्षों में विवाद

**पुष्पांजली टुडे से संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट**

करैरा अमोला क्षेत्र के अंतर्गत दो पक्षों में विवाद गाली गलौज से शुरू होकर हाथापाई में बदल गया एवं दोनों पक्षों में काफी हाथापाई हुई ,हाथापाई के बाद दोनों पक्ष अपनी फरियाद को लेकर थाने पहुंचे और एफ आई आर दर्ज कराई जानकारी के अनुसार बृजनंदन लोधी और नवल सिंह लोधी में किसी बात को लेकर बिबाद हो गया हाल मूलनिवासी मामानी खुर्द में गाली गलौच हो गई और काफी हाथा पाई हुई

**थाना प्रभारी**

दोनों पक्षों की फरियाद विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया गया

## गोहरापदर हायर सेकेंडरी स्कूल मे सरस्वती साइकल योजना के तहत किया साइकिलों वितरण

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गोहरापदर** –वि.खं.मैनपुर के हायर सेकंडरी स्कूल गोहरापदर में सरस्वती साइकिल योजना के तहत विद्यालय की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई.जिसमें 70 से अधिक छात्राओं को जनप्रतिनिधियो,नगर के गणमान्य नागरिकों एवं शाला के प्राचार्य ने साइकिल वितरित की.इस दौरान छात्राओं में काफ़ी उत्साह और ऊर्जा देखी गयी.क्योंकि शासन ने छात्राओं को अध्ययन करने हेतु विद्यालय पहुंचने के लिए साइकिल वितरण की एक बेहतरीन योजना बनाई.कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए पुर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी ने उन्हें अध्ययन के लिए प्रेरित किया,सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी.सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिल मिलने पर बधाई दीं.इस दौरान शाला विकास समिति अध्यक्ष दिगांबर ओंटी,विद्यालय के प्राचार्य भुपेंद्र तिवारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,उपसरपंच अल्तमस खान,दीनाराम साहू,मेघराम बघेल,त्रिलोचन कश्यप, नीरज बघेल,दयाराम मांझी, चमन अग्रवाल,गुलशन वैष्णव, राजेन्द्र देव साहू, सोहन साहू, रुपचंद मांझी सहित अन्य अतिथिगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## कोलारस पुलिस ने बीते माह देव होटल के सामने वृद्ध महिला की हत्या

**अरुण कुशवाह कोलारस रिपोटर पुष्पांजलि टुडे**

करने वाला एक आरोपी कोलारस पुलिस ने पकड़ा जानकारी के अनुसार एक आरोपी जेल में बंद है तीसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है मर्डर केस का आज कोलारस थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर किया पर्दाफाश इस शानदार कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष शर्मा अंकित उपाध्याय उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार अवतार सिंह दिलीप सिंह नरेश दुबे पुष्पेंद्र रावत जगदीश यादव थाना देहात अशोकनगर की टीम की भूमिका रही



# कलेक्टर शिवपुरी एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा भारत पेट्रोलियम की डिजिटल पहल नेक्सजन प्योर फोर श्योर का किया गया शुभारंभ

**शिवपुरी** –शहर में पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप पर श्री अक्षय कुमार सिंह, जिला कलेक्टर शिवपुरी एवं श्री राजेश सिंह चन्देल, पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी द्वारा क्क्क्ररुअधिकारी श्री राजकुमार यदु, श्री नवीन कुमार श्री विजय कुमार गौतम, श्री पवन मीणा की उपस्थिति मे डिजिटल रुप से सक्षम पहल ÷नेक्सजन प्योर फोर श्योर÷ का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के द्वारा भारत पेट्रोलियम के शिवपुरी शहर में स्थित 05 पेट्रोल पंप, सुधीर ऑटोमोबाइल, टोडरमल सुफरेशमल, वनस्थली फ्यूल्स, शिवपुरी पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप, एस एस फ्यूल पर बेहतर ग्राहक सेवा एवं डिजिटल अनुभव प्रदान करने वाली इस पहल की शुरुआत की गयी इस अवसर पर कंपनी के प्रादेशिक प्रबंधक श्री यदु जी ने बताया कि ग्राहकों के लिये 100 प्रतिशत गुणवत्ता एवं मात्रा सुनुश्चित करने के लिए टैंपर प्रूफ इलेक्ट्रोनिक लॉक लगे टैंकरों के माध्यम से पेट्रोल पंपों पर ईंधन पहुंचाया जाता है। वहीं सेंट्रलाइज कन्ट्रोल एण्ड कमांण्ड सेंटर के ऑटोमेशन सिस्टम द्वारा पंप पर लगी मशीनों में ऑटोमेटिक रेट चेंज होते है, एवं इन्टीग्रेटेड पेमेंट सिस्टम द्वारा शतप्रतिशत इलेक्ट्रोनिक बिलिंग एवं पारदर्शिता सुनश्चित की जाती है। साथ ही कंपनी के द्वारा फ्यूलिंग एक्पीरिंयस को सरल सुगम एवं व्यक्तिगत वनाने के लिए यूफिल इनीशियेटिव की शुरुआत की गयी है। जिसमें किसी भी क्क्षु एप्प के माध्यम से ग्राहक एक विशेष त्तक्र ष्टह्लष्ठश्च पर घर बैठे अपना कूपन कोड बना सकते है, जिसे बह भारत पेट्रोलियम के किसी भी पंप पर जाकर बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वयं मशीन का कन्ट्रोल अपने हाथ में लेकर फ्यूलिंग अनुभव ले सकता है। वर्तमान में ग्राहकों को यूफिल के माध्यम से 0.4 प्रतिशत अधिक राशि का ईंधन प्राप्त होता है। एवं यदि राशि शेष बच जाती है तो बची हुई राशि ग्राहक के खाते में तुरंत वापस आ जाती है। यूफिल के माध्यम से ईंधन भरने में ग्राहकों को जीरो एवं अतिंम रीडिंग देखने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्क्क्रु के द्वारा स्क्क्षु ष्टह क्क्रह्रष्ठश्च आक्टेन क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 7.25 प्रतिशत एवं प्लेटिनम कार्ट के माध्यम से 4.25 प्रतिशत मूल्य वापसी पॉइंट प्रदान किये जाते है, जो कि ईंधन भरने की श्रेणी में ग्राहकों के लिए सर्वश्रेष्ठ है। इसके साथ ही इन पेट्रोल पंपों पर बेहतरीन ग्राहक सेवा एवं विषेश लाइटिंग इफेक्ट ग्राहक को विशेष अनुभव प्रदान करते है। इस कार्यक्रम का संचालन के सेल्स अधिकारी श्री पवन मीणा के द्वारा किया गया।



# कोलारस पुलिस द्वारा अंधेकत्ल का पर्दाफाश

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिले की तहसील कोलारस से है जहाँ कोलारस मे रहने वाले पुरूषोत्तम धाकड बेदा होटल के सामने फोरलेन के पास अपने खेत से अपनी मां साजिंदेबाई के साथ फोर लेन पर घर जाने के लिये शाम करीब 07.00 बजे पहुचे पुरूषोत्तम ने अपनी मां को मोबाईल की टार्च जलाकर दे दिया और फोर लाईन पर कोलारस जाने वाली ओर भेजकर स्वंय मोटर साईकिल से लेवर को छोड्ने पडोरा चौराहे चले गये पडोरा चौराहे पर लेवर को छोडकर जब वे अपनी मां को लेने फोर लेन के पास पहुचे तो वहां मां साजिंदे बाई नही मिली आस पास पुलिस व परिवार जन द्वारा ढूंढने पर रात करीब 11.00 बजे साजिंदे बाई का शव पत्ते वाले खेत मे मिला । साजिंदेबाई की हत्या पास के पानी के गड्डे मे मुंह डुवोकर या मुंह दबाकर सांस रोक देने से होना प्रतीत हुआ था । पुलिस थाना कोलारस को इस अज्ञात हत्यारो का पता लगाने के लिये पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी द्वारा विशेष निर्देश दिये गये । इस पर टी.आई. कोलारस मनीष कुमार शर्मा , उनि. अंकित उपाध्याय और उनकी टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भुरिया एवं एस.डी.ओ.पी. कोलारस श्री बिजय कुमार यादव के मार्गदर्शन मे अज्ञात हत्यारो का पता चलाने दिन रात एक कर दिया खुद के मुखविरो के अलावा टैक्नोलांजी की भी मदद ली गई जिसमे कुछ महत्व पूर्ण सूत्र मिलने से उनि. अंकित उपाध्याय के साथ प्र.आर. 119 भूपेन्द्र तोमर, प्र.आर. 890 अवतार सिंह, प्र.आर. 43 दिलीप सिंह, प्र.आर. 475 नरेश दुवे, आर. 88 पुष्पेन्द्र रावत, प्र.आर. जगदीश यादव थाना देहात अशोकनगर की टीम को विशेष रूप से लगाया गया जिसमे दिनांक 17.11.2022 से विशेष अभियान चलाकर अज्ञात हत्यारो का पता भोपाल, उज्जैन, अशोकनगर मे लगाया तो पता चला कि मेहरवान नाम का एक मजदूर भोपाल मे दानिस अली को एक मोबाईल गिरवी रखा था जिसे वापस ले गया । मेहरवान मजदूर था और रेन बसेरा मे रहता था टीम को एक संस्था का पता लगा जो आवारा लावारिस लोगो के आधार कार्ड बनवाती है ,जिसके रिकार्ड को खंगाला गया तो मेहरवान पुत्र गणेशराम के नाम से आधार कार्ड का फार्म मिला जिस पर लगे फोटो को दानिस ने मेहरवान के रूप मे पहचाना फार्म मे मेहरवान का पता नही था पुलिस टीम ने भोपाल , उज्जैन के मजदूरो कूढा बीनने वालो एवं विखारियो से पूछताछ व जानकारी हांसिल की तो मेहरवान का पूरा नाम मेहरवान पुत्र गणेशराम अहिरवार निवासी पीपलाखेडा थाना देहात अशोकनगर पता चला । पुलिस दल ने मेहरवान अहिरवार को तलाश कर पूछताछ की तो उसने अपने साथी बिक्की कोरी निवासी बांसी थाना जखौरा जिला ललितपुर उ.प्र. एवं बिक्की के एक अन्य साथी के साथ लूट के उद्देश्य से साजिंदेबाई की हत्या करना स्वीकार किया और साजिंदेबाई से लूटा गया माल बरामद कराया । अभी विवेचना जारी है जिसमे आरोपी बिक्की कोरी का ललितपुर जेल मे होना पता चला है जिसे विधिक प्रक्रिया से लाने की कार्यवाही की जा रही है । कोलारस नगर की जनता और क्षेत्र के जन प्रतिनिधियो द्वारा थाना कोलारस पुलिस की सराहना की जा रही है ।



# नोबोदय निशुल्क शिक्षा शिक्षा ही सर्वोपरि

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट**



आदर्श ग्राम सिरसौद मैं चल रही निशुल्क नवोदय विद्यालय कोचिंग में नवोदय विद्यालय प्रवेश हेतु अंतिम टेस्ट पेपर देते हुए परीक्षार्थी और भोपाल से आए अधिकारी श्री राम गोपाल लोधी जी( मंत्रालय भोपाल ,उपनिरीक्षक अनूप लोधी जी और परीक्षा अधिकारी श्री हरिकिशन लोधी जी शिक्षक रानू लोधी जी संतोष लोधी जी सहयोगी श्री बृजेश लोधी जी मनीराम लोधी जी द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया और छात्रों को आशीर्वाद दिया और हम सब छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं

आलोक ब्लॉक करैरा

# साजिश के तहत प्रोग्राम खराब करने की मनसा से घर के बाहर रखी विस्फोटक सामग्री



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सिंह निवास के पास सोनू ठाकुर के घर के बाहर कोई अज्ञात व्यक्ति एक बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रख के चला गया जिसकी वायरिंग 100 मीटर दूर तक बिछी हुई थी प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू ठाकुर पुत्र सिरनाम ठाकुर निवासी सिंह निवास ने बताया सुबह 9÷30 बजे कामक पूजा की सामग्री लेने घर के पास स्थित खेत में गया था तभी मैंने देखा की एक बायर खेत से निकली हुई थी तो मैने घर बालो से पूछा कि किसी ने ये बायर बिछाई हैं क्या तो सब ने मना किया तब मैंने उस बायर की घ?ी की तो पता चला कि घर के पास रही मुरम मैं को बायर लगी हैं जो कि सीमेंट की ब?ी कन्टेनर जैसे मैं कुछ विस्फोटक सामग्री होने का पता चला जिस का पता चलते ही तुरंत पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जायजा लेते हुए देखा तो एक बड़ा सीमेंट का बना हुआ चौकोर पत्थर नुमा कोई चीज रखी गई है जिसके अंदर वायरिंग लगी हुई थी और वह चारों तरफ से सीमेंट से कवर्ड था जिस पर मौके पर पहुंचे एस आई दीपक पालिया ने तुरंत सूचना देते हुए बताया कि कोई विस्फोटक सामग्री अज्ञात व्यक्तियों ने रखी है जिसकी जांच करने के लिए ग्वालियर से टीम आ रही है डॉग स्क्वायड और बम विस्फोटक बम डिफ्यूज करने वाली टीम को बुलाया गया है मौके पर पहुंची बम डिफ्यूज टीम ने ओम का जायजा लेकर बताया कि इसमें कुछ विस्फोटक सामग्री है जिसको बाद में सभी घर वालों को दूर करते हुए विस्फोट कर दिया गया

## ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन




शिवपुरी-आज दिनांक 30.11.22को पुलिस लाइन स्थित प्रशिक्षण हॉल में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ÷प्रहार÷ के तहत पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को मादक पदार्थों की पहचान करने, कैसे व्यक्ति नशा करने का आदी हो जाता है ,नशा करने वालों से किस प्रकार व्यवहार करना चाहिए आदि विषय पर एक ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें सभी थाना प्रभारी अपने थाने के बल के साथ ऑनलाइन उपस्थित रहे एवं पुलिस लाइन मैं चल रहे इंडक्शन कोर्स के प्रशिक्षणार्थियों ने भी उक्त प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्घाटन कलेक्टर शिवपुरी एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा करते हुए प्रशिक्षण के विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए नशे के दुष्प्रभाव एवं उस नशे से समाज को होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की, बाद प्रशिक्षण में प्रगति नशा मुक्ति केंद्र के संचालक श्री अगम तोमर द्वारा सभी को नशे करने के तरीके मादक पदार्थों की पहचान आदि पर विस्तार से जानकारी दी।

# साइकिल फॉर यूनिटी में अंबाह महाविद्यालय के कैडेट ने की भागीदारी

**केशब पंडित जी पुष्पॉजली ब्यूरौ...**
एनसीसी स्थापना दिवस की 74 वी वर्षगांठ पर शौर्य स्मारक भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल ने एनसीसी छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से चयनित 75 कैडेटों ने लगभग 1900 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यात्रा का समापन रविवार 27 नवंबर 2022 को शौर्य स्मारक भोपाल में किया। इस अवसर पर कैडेटों के उत्साहवर्धन हेतु कमान अधिकारी कर्नल जगदीश राव, सूबेदार मेजर सुनील कुमार तथा अन्य अधिकारीगण और स्टाफ उपस्थित था। कैडेट सत्येंद्र तोमर के रैली पूर्ण करने





कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी को देश का ऊर्जावान एवम संगठित संगठन बताते हुए इसको वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक एनसीसी मेजर जनरल ए के महाजन ने भी कैडेटों को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं तथा बधाई दी। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने हेतु 19 नवंबर 2022 से एनसीसी कैडेट्स हेतु साइकिल फॉर यूनिटी थीम के साथ साइक्लोथोंन यात्रा शुरू हुई थी जिसमें मध्यप्रदेश एवं यात्रा ने प्रतिदिन निर्धारित दूरी को तय करते हुए जन जागरूकता रैली के द्वारा समाज में एनसीसी के उद्देश्यों को प्रसारित किया। इस साइक्लोथोंन में अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय एनसीसी से कैडेट सत्येंद्र तोमर पुत्र श्री सुरेश तोमर ने शामिल होकर 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड का 2 कैडेटों के साथ प्रतिनिधित्व किया। शनिवार 19 नवंबर 2022 को इन कैडेटों को भिंड जिले के पुलिस अधीक्षक श्री शैलेंद्र सिंह चौहान ने झंडी दिखाकर भिंड से रवाना किया इस के उपरांत महाविद्यालय आने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने कैडेट सत्येंद्र तोमर को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर वीके जैन ,कैप्टन मनोज शर्मा एवम लेफ्टिनेंट मंजू तोमर ने भी कैडेट सत्येंद्र तोमर को इस उपलब्धि पर महाविद्यालय एनसीसी सब यूनिट को गर्व की अनुभूति कराने हेतु शुभकामनाएं दी तथा आशीर्वाद प्रदान किया।

### शहर वासियों ने किया मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत

# गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री ने सीहोर को भोपाल का उप नगर, भव्य शहीद स्मारक व प्राचीन गणेश मंदिर कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा की





**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** सीहोर नगर के गौरव दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी श्रीमती साधना सिंह एवं पुत्र श्री कार्तिकेय चौहान के साथ सीहोर नगर का गौरव दिवस मनाने पहुँचे। सीहोर में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने सभी शहरवासियों को गौरव दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं।उन्होंने सीहोर को भोपाल का उप नगर बनाने, भव्य शहीद स्मारक व प्राचीन गणेश मंदिर कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा भी की। साथ ही मंच से अनेक विशिष्ट लोगों का सम्मान किया।

**गौरव दिवस के अवसर पर** -मुख्यमंत्री श्री चौहान के नगर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में शहर के अनेक सामाजिक संस्थाओं, व्यवसासियों, वृद्ध नागरिको, युवाओ, बच्चों तथा महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का फूल माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। सीहोर नगर के गौरव दिवस पर अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान कोतवाली चौराहे से टाउन हॉल तक रोड शो करते हुए गुजरे। मुख्यमंत्री के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, विदिशा सांसद श्री रमाकांत भार्गव, भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक श्री सुदेश राय, आष्टा विधायक श्री रघुनाथ मालवीय, इछावर विधायक श्री करण सिंह वर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रवि मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में खासतौर से नगर पालिका परिषद के युवा अध्यक्ष प्रिंस राठौर का विशेष योगदान रहा।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दी सीहोर नगर को 41 करोड़ के निर्माण और विकास कार्यों की दी सौगात मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीहोर के गौरव दिवस के अवसर पर सीहोर नगर में 41 करोड़ रूपए से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास तथा लोकार्पण कर नगरवासियों को बडी सौगात दी है। इन कार्यों में 19 करोड़ 38 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं 22 करोड़ 21 लाख रूपए के कार्यों का लोकार्पण शामिल है।इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, विदिशा सांसद श्री रमाकांत भार्गव, भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, इछावर विधायक श्री करण सिंह वर्मा, विधायक श्री सुदेश राय, आष्टा विधायक श्री रघुनाथ मालवीय, श्री रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रवि मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**इन कार्यों का किया शिलान्यास-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 5 करोड़ रुपए की लागत से 100 सीटर कन्या छात्रावास (बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना) का शिलान्यास, 3 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से सीहोर शहर में ब्रह्मपुरी तिराहे से श्मशान घाट इंदिरा नगर से फोरलेन बाईपास तक सीसी मार्ग का निर्माण कार्य, 6 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत से कोलीपुरा तिराहे से झागरिया बायपास तक फोरलेन सीसी मार्ग का निर्माण, 33 लाख रूपए की लागत से बांसिया से बरनावद सड़क निर्माण, 60 लाख रूपए की लागत से अहमदपुर बरखेड़ा हसन रोड से पंदा सड़क निर्माण, 35 लाख रूपए की लागत से बरखेड़ा दोराह से चौकी सड़क निर्माण, 66 लाख रूपए की लागत से खाईखेड़ा छतरी रोड से रामजाखेड़ा सड़क निर्माण, 60 लाख रूपए की लागत से चरनाल रोड से मोतीपुरा कलां सड़क निर्माण, 29 लाख रूपए की लागत से श्यामपुर रोड से मानपुरा, 51 लाख रूपए की लागत से सिराड़ी से रासलाखेड़ी सड़क निर्माण तथा 65 लाख रूपए की लागत से अहमदपुर रोड से विलेज गोंडी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

**इन कार्यों का किया लोकार्पण-** मुख्यमंत्री श्री चौहान एक करोड़ 12 लाख रूपए की लागत से बने मोतीपुरा बैराज का लोकार्पण किया। इसी प्रकार एक करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से बने छतरी बैराज का लोकार्पण, 3 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से बरखेड़ाहसन (टी-05) से लोधीपुरा उमरझिर, एक करोड़ 90 लाख रूपए की लागत से बने मुंगावली से बड़बेली सड़क, एक करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से टी-06 एनएच 12 बराड़ी से सेमरादांगी मार्ग के चैनेज 2515 मीटर पर पुल, दो करोड़ 8 लाख रूपए की लागत से टी-06 एनएच 12 बराड़ी से सेमरादांगी मार्ग के चैनेज 5380 मीटर पर पुल, एक करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से टी-06 एनएच 12 बराड़ी से सेमरादांगी मार्ग के चैनेज 7000 मीटर पर पुल, 8 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से बने शासकीय शाला (370), आंगनबाड़ी केन्द्र (180), उपस्वास्थ्य केन्द्र (08), आश्रम एवं छात्रावास (03), ग्रामीण पंचायत भवन (74), कुल-635 संस्थाओं में पेयजल व्यवस्था का कार्य तथा एक करोड़ 5 लाख रूपए की लागत से बने जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डीईआईसी) भवन का लोकार्पण किया।

# भाजपा ने संगठनात्मक कार्यक्रम एवं मिशन 2023 के लिए मंडल प्रभारियों की घोषणा की

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की सहमति से पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने आगामी मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए एवं भूत केंद्रों पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए जिला पदाधिकारियों में से मंडल प्रभारी एवं मोर्चा घोषणा की है।भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने मंडल प्रभारी की घोषणा करते हुए बताया की जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया पिपरी मंडल, शिवराज सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष मंडल फूफ, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी जैन महाराणा प्रताप मंडल, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा गोहद, जिला मंत्री अनिल सिंह कुशवाह भिंड ग्रामीण, जिला उपाध्यक्ष सुधा राठोर चंद्र हुआ मंडल, जिला उपाध्यक्ष नेहाल सिंह राणा मंडल मौ, जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह भदोरिया गोरमी , जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह तोमर मालनपुर, रंजीत सिंह कुशवाह सुरपुरा, जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे उमरी, जिला महामंत्री धीर सिंह भदोरिया असवार, जिला महामंत्री कमल शर्मा आलमपुर, जिला महामंत्री धर्म सिंह भार्गव अमायन, जिला मंत्री उपेंद्र राजोरिया मेहगांव मंडल, शैलेंद्र सिंह गुर्जर जिला मंत्री को लहार, जिला मंत्री हरेंद्र सिंह सिकरवार दमोह जिला मंत्री राजेश सिंह कौरव मंडल मिहोना, जिला मंत्री पिंकी शर्मा वन खंडेश्वर मंडल, जिला मंत्री रश्मि खटीक अटेर, जिला मंत्री राधाकृष्ण शर्मा गोहद, अवनीश उपाध्याय जिला मंत्री चितौरा को मंडल का प्रभारी घोषित किया गया है।

पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने बताया कि मोर्चा के परिवारों में पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कार्यालय प्रभारी आरपी सिंह बघेल एडवोकेट, किसान मोर्चा सत्येंद्र सिंह भदौरिया, भारतीय जनता युवा मोर्चा शिवराज सिंह यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री डॉ तरुण शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा श्रीमती रश्मि खटीक महिला मोर्चा श्रीमती सुधा राठोर, सोशल मीडिया एवं आईटी सेल राघवेंद्र सिंह भदोरिया, कार्यालय प्रभारी उपेंद्र शर्मा को नियुक्त किया गया है।पार्टी जिलाध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि सभी मंडल एवं मोर्चा के प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए मंडलों में बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत करने के लिए अपनी अहम भूमिका के साथ काम करें।

# पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष बने -राजीव जैन सैनानी

## मेंरी पहली प्राथमिकता रहेगी पत्रकारों की एकता- राजीव जैन



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज** -वरिष्ठ पत्रकार एंव मध्यप्रदेष शासन के अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी को पत्रकार महासंघ का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पत्रकार भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतें हुए राजीव जैन ने कहा कि में सभी पत्रकारों का आभारी हूं एंव अन्य पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधिओं का भी जिन्होने मुझे समर्थन दिया है। उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं। वही उन्होने कहा कि मेंरी प्राथमिकता यह रहेगी कि सभी पत्रकार एकता के सूत्र में बंधे और जनता की समस्याओं व उनके विष्वास पर खरे उतरने का प्रयास करेगें। वही प्रषासन, आम नागरिक,जनप्रतिनिधि,सामाजिक सगंठनों के बीच जाकर कार्य करेगें और जनसमस्याओं भ्रष्टाचार अन्याय अव्यवस्थाओं को अपनी लेखनी के माध्यम से शासन तक पहुचाएगें। वही उन्होने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि में पहले पत्रकार महासंघ की सदस्यता अभियान प्रारंभ करूंगा जिसके लिए एक समिति बनाई जाएगी जो सदस्यता के लिए छानबीन कर पत्रकारो को सदस्यता देगी। और संघ के सभी सदस्यो को प्रषासन और आम नागरिकों से जोड़ा जाएगा विधिवत संघ की बैठक आयोजित की जाएगी।

# विकलांग बल के नेतृव में विकलांगों के आदर्श बच्चूसिंह की बनायी गयी जन्मशताब्दी



**श्योपुर** - 30 नवम्बर 1922 को भरतपुर राजघराने में एक तेजस्वी राजकुमार का जन्म हुआ, जिसका नाम गिर्राज शरण सिंह रखा गया और जिसको प्यार से बच्चूसिंह कहा जाता था। वे जन्म से ही एक मानसिक विकलांगता से पीड़ित थे, जिसका नाम है सेरेब्रल पॉलिसी (संक्षेप में सीपी)। इस मौके पर आये हुए विकलांगों को विकलांग बल के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक द्वारा सम्बंधित करते हुए कहा गया कि बच्चू सिंह विचारों से प्रखर राष्ट्रवादी थे और धार्मिक रूप से उनके ऊपर आर्य समाज का प्रभाव था। अंग्रेजों की वायु सेना में रहते हुए भी वे देश के विरुद्ध कोई कार्य नहीं करते थे। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में पूर्वोत्तर भारत में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की सेनाओं पर बमवारी करने से मना कर दिया था। इस कारण कुछ समय बाद ही उनको वायु सेना से निकाल दिया गया था। 1946 में जो नौ सेना विद्रोह हुआ था जिसको वायु सैनिकों का भी समर्थन था, उसे भड़काने में भी बच्चूसिंह का पूरा हाथ था। इसी विद्रोह के कारण अन्ततः अंग्रेजों को भारत छोडकर जाना पड़ा था।

**साथ ही सभी को विकलांग दिवस पर समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया** -इस बीच विकलांग बल के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक, श्योपुर जिला अध्यक्ष विक्की दीक्षित, उपाध्यक्ष श्री मती अनीता राठौर, सीताराम प्रजापति, किशन खंडेलवाल, अफसार अहमद, भरत शर्मा, बबलू बंजारा आदि विकलांग जन मौजूद रहे!

# गरीब को जनकल्याणकारी योजना का लाभ एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान मेरी प्राथमिकता नरवरिया

### भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया का गोरमी मेहगांव सोनी में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अभूतपूर्व स्वागत,पांचों विधानसभा में फेरे का भाजपा का परचम मिशन 2023 के लिए बूथ स्तर पर सत्ता और संगठन को करें मजबूत जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा







**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोरमी/मेहँगाव (भिण्ड)। भारतीय जनता पार्टी गोरमी , मेहगांव, सोनी की मंडल बैंकों में पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया मौजूद थे । विशेष अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया पार्टी के वरिष्ठ नेता समाजसेवी अशोक भारद्वाज,संतोष सिंह भदौरिया, जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रज्जन भदोरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष दलवीर तोमर, सुरेन्द जैन, जय सिंह गुर्जर नगर परिषद उपाध्यक्ष ओमकार यादव मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया का एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया एवं स्वागत भाषण दिया । भाजपा की मंडल बैठकों में मुख्य अतिथि के रुप में जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है कार्यकर्ता का मान सम्मान कैसे रहे एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब व्यक्ति को कैसे मिले यह मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। हम सबको मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मिशन 2023 की तैयारी में अभी से तैयार रहना है ।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया ने कहा की हमारे लिए गौरव की बात है कि आज हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है इसकी मुख्य वजह हमारा कार्य करता है कार्यकर्ता का मान सम्मान ऐसे रहे इसकी चिंता हमरा सभी राजनेताओं को मिलकर करनी होगी इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी अशोक भारद्वाज ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता एक विचारधारा से जुड़ा है वह नाराज भी हो जाएगा लेकिन अपना वोट पार्टी को ही देगा एसिडिटी पुल कार्यकर्ताओं की जनता पार्टी को करनी होगी अभी हम मिशन 2023 को जीत सकते हैं बैठक का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता जयवीर पुरोहित ने किया एवं अंत में आभार प्रगट युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद बरुआ ने किया आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया का गोरमेंट नगर में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया । अगर की सीमा में नरवरिया फिलिंग सेंटर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नाही प्रेम प्रताप सरवरिया ने अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष का स्वागत किया इसके बाद युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अरविंद बरुआ ने थाना रोड चौराहे पर स्वागत किया पार्षद विनोद यादव के आवास पर मंडल मंत्री शिवराज यादव ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया वरिष्ठ भाजपा नेता जयवीर पुरोहित एवं युवा नेता रिंकू दीक्षित ने अपने आवास पर जिला अध्यक्ष का स्वागत किया । इसके अलावा थाना रोड पर युवा नेता रवि सोनी एवं सोनू भदौरिया ने अपनी मार्केट पर जिला अध्यक्ष का स्वागत किया भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने अपने आवास पर जिलाध्यक्ष व अन्य अतिथियों का स्वागत किया वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र जैन ने मुख्य चौराहे पर स्वागत किया किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय कुशवाहा एवं मंडल महामंत्री मोनू शर्मा ने अपने आवास पर स्वागत किया जिला मंत्री राजकुमार जैन के आवास पर भी जिला अध्यक्ष का स्वागत हुआ पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश सरवरिया के आवास पर जिला अध्यक्ष का एवं अन्य अतिथियों का स्वागत हुआ युवा नेता सुनील सोनी ने अपने मेडिकल स्टोर पर जिला अध्यक्ष का स्वागत किया भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष रामवीर गुर्जर ने वार्ड नंबर 4 स्थित आवास पर जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया को फलोंसे तुलादान किया भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संजू खान ने सब्जी मंडी में जिला अध्यक्ष व अन्य अतिथियों का स्वागत किया कचना रोड पर राजेंद्र सिंह नरवरिया ने जिला अध्यक्ष का किले के फलों से तुला दान किया इस प्रकार आज गोरमी नगर में भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया एवं अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत हुआ। बैठक में स्वागत कार्यक्रम में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने मेहगांव के शिवशक्ति मैरिज गार्डन एवं गोरमी के आरके गार्डन, एवं सोनी मंडल के समुदायिक भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रचारक बैठक आयोजित की गई और मेहगांव मंडल की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया एवं सोनी मंडल के अध्यक्ष जेल सिंह नरवरिया ने की।

# स्कूली छात्रों के साथ किया नशा मुक्ति कार्यक्रम छात्रों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज-** नशा मुक्ति अभियान को लेकर बुधवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित संस्था सर्वधर्म जन कल्याण सेवा समिति के तत्वधान में ग्राम बगरोदा स्थित विद्यालय में नशा मुक्ति को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया इन दिनों नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान में पुलिस प्रशासन से लेकर शिक्षक, छात्र, छात्राएं व समाजसेवी संस्थाएं अपने अपने क्षेत्र व पंचायत में लोगों को नशे से दूर होने को प्रेरित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी, सीएमसीएलडीपी की परामर्शदाता माधुरी देवलिया, सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य बहादुर सिंह रघुवंशी, पंचायत सचिव मुन्नी लाल शर्मा, एमएसडब्ल्यू की छात्रा श्रीमती लक्ष्मी रघुवंशी, नीलेश साहू ने प्रस्फुटन गांव बगरोदा के सरस्वती शिशु मंदिर एवं शासकीय विद्यालय के बच्चों के साथ रैली निकालकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इसके अलावा गुलाबगंज, अथाईखेड़ा, बरेज, मनिरामपुर सहित आधा दर्जन गांवों में जाकर सेहत के साथ साथ समाज में नशा से होने वाले नुकसान के बारे में संगोष्ठी का आयोजन कर विस्तार से जानकारी दी एवं रैली निकालकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई। श्री रघुवंशी ने बताया कि नशा करने वाले व्यक्ति के साथ इसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। इस अभियान के दौरान लोगों को नशा छुड़ाने के साथ युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है, अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश फंस जाते हैं और फिर वह नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकते हैं। नशा अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे, तभी यह मुहिम सार्थक होगी। इस दौरान स्कूली बच्चे, ग्रामीण एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।



## महंगाई को गंभीरता से नहीं ले रही सरकार

यह सब स्वीकार करते हैं कि स्थिति बड़ी ही गंभीर है, परंतु न तो वित्त मंत्री ने और न ही शासक दल ने इन समस्या के मूल में जाने का प्रयास किया है। वस्तुतः इसे कांग्रेस सरकार ने शुरू से अब तक की अपनी पंचवर्षीय योजनाओं तथा अन्य नीतियों से एकाधिकार प्राप्त लोगों की ही समृद्धि की है और कर रही है, परंतु बात यह समाजवाद की करती है । दो दिन पहले ही उद्योग मंत्री की उपस्थिति में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने वक्तव्य दिया कि देश के 75 बड़े उद्योग गृहों में से 66 उनके राज्य में हैं और उन्हें बड़ने दिया जाना चाहिए, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिले, क्षेत्रों का विकास हो और उत्पादन बढ़े। फिर भी हमारी अर्थव्यवस्था इस प्रकार क्यों चौपट हो रही हैड़ क्या कभी इसके कारणों की खोज की गई है। यह सरकारी नीति की अनुपयुक्तता के कारण ही तो है कि देश में निरंतर बेरोजगारी बड़ रही है, कीमतें बड़ रही हैं, काला धन बड़ रहा है और धन कुछ ही लोगों के कब्जे में जा रहा है। आज देश में 75 करोड़ रुपये काला धन विद्यमान है। फिर सर्वेक्षण से पता चलता है कि हरित क्रांति के फलस्वरूप ग्रामीण लोगों के मध्य अधिक ध्रुवीकरण हुआ है, अधिक लोग भूमिहीन हुए हैं तथा बेरोजगारी बड़ी है। आज बड़ी-बड़ी कंपनियों के स्वामी बैंकों से बड़ी-बड़ी राशियां प्राप्त कर रहे हैं तथा अपने पूंजीगत उत्पादन के लिए सभी स्त्रोतों का लाभ उठा रहे हैं। सारी खाद्यान्न मंडियां उनके काबू में हैं। सरकार, मंत्रालय, विभाग, सभी उनके नियंत्रणाधीन होते जा रहे हैं। यही मूल समस्या है।

कीमतों में वृद्धि तथा आर्थिक संकट से सारा देश संतप्त है और यह संकट निरंतर बड़ता जा रहा है। साथ ही, असंतोष के कारण लोगों में धैर्य भी समाप्त होता जा रहा है। दिल्ली में रोज बस जलाई जा रही है। एक दिन सरकार महंगाई रोकने का आह्वान करती है, तो दूसरे ही दिन समाचार पत्रों में छपता है कि चीनी और अनाज के भाव बड़ गए हैं, अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बड़ने के समाचार भी नित्य आते हैं। वित्त मंत्री कहते हैं कि निकट भविष्य में कीमतों में गिरावट आएगी, परंतु स्थिति कुछ भिन्न ही है। अतः अब किसी प्रकार की सुस्ती या काहिली की गुंजाइश नहीं रह गई है। उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर वस्तुएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सरकार ने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है कि भारत में 50 प्रतिशत लोग भुखमरी स्तर से भी निम्न स्तर पर जीवनयापन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठक में मैंने कहा था कि सरकार मामले की गंभीरता को नहीं पहचान रही है। वित्त मंत्री के वक्तव्य से मेरी बात सिद्ध होती है कि स्थिति गंभीर है।...तर्क दिए जा रहे हैं कि सारे देश में ही कीमतें बड़ रही हैं और सरकार का इसमें कोई दोष नहीं है। यदि इस बात को स्वीकार कर लिया जाए, तो फिर सरकारी नीति में कोई परिवर्तन करने की जरूरत नहीं रह जाती है । सरकार की बात को गलत सिद्ध करने के लिए मैं अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के प्रतिवेदन का उल्लेख करना चाहता हूं। प्रतिवेदन में कहा गया है कि केन्या में कीमतें 18.6 प्रतिशत बड़ी हैं, थाइलैण्ड में 19.1 प्रतिशत, ईरान में 17 प्रतिशत, पाकिस्तान में 45.1 प्रतिशत, परंतु भारत में कीमतों में 90 प्रतिशत वृद्धि हुई है। कुछ मित्रों ने चीन तथा रूस का उल्लेख किया था। 1971 में चीन की अर्थव्यवस्था के बारे में संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक निर्धारण किया गया था। उसमें बताया गया है कि वहां पर सभी के पास रोजगार है और लोगों की आय बड़ाने का प्रयास किया जा रहा है, वहां जीवन निर्वाह लागत कम है और लोगों को आयकर नहीं देना पड़ता है। यह भी बताया गया है कि चीन की सरकार ने रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों की कीमतों को कम करने के लिए भी कदम उठाएं हैं। कृषि उत्पादों पर कर को 12 प्रतिशत से कम कर 1971 में छह प्रतिशत कर दिया गया है, दैनिक प्रयोग की औद्योगिक वस्तुओं की कीमतें भी वहां कम हो रही हैं...। यह चीनी अर्थव्यवस्था का चित्र है, इसकी तुलना भारतीय अर्थव्यवस्था से की जा सकती है। मेरा निवेदन यह है कि महंगाई के मूल कारणों को दूर किया जाना चाहिए। सरकार को खाद्यान्नों का व्यापार अपने हाथ में ले लेना चाहिए। अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं के व्यापार को भी सरकार द्वारा अपने हाथों में लेना चाहिए । इनके वितरण की जिम्मेदारी सरकार को स्वयं संभालनी चाहिए

## राशिफल

**मेष राशि**–धैर्यशीलता में कमी रहेगी, आत्म संयत रहें, शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार विस्तार होगा, लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं,।

**वृष राशि**– कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बड़ेगा। पिता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं, माता का सहयोग मिलेगा। माता से धन प्राप्ती के योग हो सकते हैं, किसी मित्र का आगमन हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन होगा, नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है।

**मिथुन राशि**-अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बड़ सकती है। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धनलाभ हो सकता है, परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ती हो सकती है,

**कर्क राशि**– आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बड़ेगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे, किसी मित्र के सहयोग से संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।सिंह राशि- (24 **जुलाई**–मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यभार और आय में वृद्धि हो सकती है, परन्तु खर्च भी बड़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें। वाणी के प्रभाव से कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। कुछ दिक्कतें भी आ सकती हैं। किसी राजनेता से मुलाकात हो सकती है। आत्मसंयत रहें।

**कन्या राशि**– कारोबार के विस्तार की योजना साकार होगी, भाइयों का सहयोग मिलेगा लेकिन परिश्रम की अधिकता रहेगी। घर-परिवार में मांगलिक कार्य होंगे, अनियोजित खर्चे बड़ेंगे। वस्त्रादि उपहार भी मिल सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि**– आत्म विश्वास से लबरेज रहेंगे, लेकिन आत्म संयत रहें। आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, परिश्रम की अधिकता रहेगी। माता का सांनध्य व सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि**- वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बड़ेगा। माता से विचारों में मतभेद हो सकते हैं लेकिन धन प्राप्ती भी है। संचित धन में वृद्धि होगी, नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, वाहन सुख में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन संभव है।

**धनु राशि**– धैर्यशीलता में कमी आएगी, आत्म संयत रहें। वाणी का प्रभाव बड़ेगा, किसी धार्मिक सत्संगी कार्यक्रम में जाना हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बड़ेगा। संपत्ति से आय में बड़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावनाएं बन रही हैं।

**मकर राशि**– आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बड़ सकते हैं। जीवनसाथी का स्वास्थ्य विकार हो सकता है, चिकित्सा कार्यों में खर्च बड़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन की संभावना बन रही है, किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। भाइयों के सहयोग से परंतु परिश्रम की अधिकता रहेगी। संतान के स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं, रहन-सहन असुविधापूर्ण रहेगा।

**कुंभ राशि**– आत्मविश्वास में कमी रहेगी लेकिन परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है। किसी पुराने मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। इच्छा विरुद्ध कार्यक्षेत्र में वृद्धि संभव है। बातचीत में संयत रहें, खर्चों में वृद्धि होगी। वस्त्रादि उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकते हैं।

**मीन राशि**–मन में प्रसन्नता के भाव तो रहेंगे, फिर भी आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें, माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है, आय में वृद्धि होगी। रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकता है, रहन-सहन कष्टकायी हो सकता है।

# दुनिया पर हावी होने का चीनी मनसूबा

दुनिया के अनेक हिस्सों में पिछले हफ्ते बहुत से दिलचस्प नजारे दिखाई दिए। भारत की राजनीति हो, दीपावली का उत्सव हो या दीपावली के दिन ब्रिटेन में एक हिंदू ऋषि सुनक का प्रधानमंत्री बनना हो, लेकिन इन सबके बीच जो एक चौंकाने वाला नजारा दिखाई दिया, वह चीन से था। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की पंचवर्षीय कांग्रेस या अधिवेशन में। यह अधिवेशन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का नया नेतृत्व चुनता है। यही नेतृत्व चीन की सरकार होता है। पुरानी परंपराओं और नियमों को ताक पर रखकर इस बार शी जिनपिंग को तीसरी बार पार्टी का महासचिव या देश का सर्वोच्च नेता चुन लिया गया। माना जा रहा है कि अब जिनपिंग कम से कम दस साल के लिए और अगर वह चाहें, तो जिंदगी भर के लिए सत्ता पर काबिज रह सकते हैं। वैसे, देखने लायक नजारा यह नहीं था। नजारा था, पूर्व राष्ट्रपति हू जिन्ताओ के साथ हुआ व्यवहार, लेकिन चीन के भीतर यह खबर कहीं नहीं आई। चीन के प्रमुख अखबार ग्लोबल टाइम्स ने खबर यह छापी कि चीन में विदेशी निवेश बड़ाने के लिए सरकार ने बहुआयामी सुधारों के एलान किए हैं, लेकिन बाकी दुनिया इस वक्त चीन की राजनीति और अर्थनीति, दोनों को ही काफी शंका के साथ देख रही है। जिनपिंग 2012 में राष्ट्रपति बने थे और तभी से चीन की आर्थिक और सामरिक शक्ति को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का सपना साकार करने में जुटे हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में उन्होंने चीन के भविष्य का जो खाका खींचा है, उससे दुनिया भर में खलबली मची हुई है। उन्होंने दो तरह के लक्ष्य सामने रखे हैं। पहला, 2035 तक चीन को विकासशील देशों की कतार से निकालकर एक ऐसा देश बनाना, जिसमें आम जनता गरीब नहीं, बल्कि मध्यवर्गीय हो, यानी उसकी आमदनी दुनिया के पैमाने पर अमीर देशों के मिडिल क्लास जैसी ही हो, साथ ही, चीन की सेना का आधुनिकीकरण भी 2035 तक करना है। लेकिन इससे बड़ा दूसरा लक्ष्य उन्होंने 2049 के लिए रखा है। यह चीन गणराज्य की शताब्दी का वर्ष होगा। साल 2049 तक जिनपिंग सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीन एक ऐसा राष्ट्र बन जाए, जो राष्ट्रीय शक्ति व अंतरराष्ट्रीय प्रभाव के मानकों पर दुनिया में सबसे आगे हो। यह बात सुनने में कुछ खास खतरनाक नहीं लगती। यह वैसी ही बात है, जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं। पर चीन व जिनपिंग पर बारीक नजर रखने वाले जानकार उनकी इस इच्छा के भीतर काफी कुछ पड़ रहे हैं और उनके हिसाब से जिनपिंग की यह महत्वाकांक्षा काफी खतरनाक मोड़ ले सकती है। याद रखना चाहिए कि पिछले बीस सालों में चीन ने काफी तेजी से तरक्की की है और जिनपिंग के कुरसी संभालने के बाद के दस साल में चीन की अर्थव्यवस्था का आकार दो गुना हुआ है। साल 2012 में जब वह कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बने, तब चीन की जीडीपी 8.53 ट्रिलियन या लाख करोड़ डॉलर थी। अब यह सतरह लाख करोड़ डॉलर के पार जा चुकी है। उसने जापान को काफी पीछे छोड़ दिया है और अमेरिका के नजदीक पहुंचता जा रहा है। 'काल पर मोहर लगने के साथ ही चीन के रियल एस्टेट कारोबार से लेकर शेयर बाजार तक बेचैनी की एक लहर दिखाई पड़ी है। इस बेचैनी और चीन के स्वर्णिम भविष्य के जिनपिंग के सपने के बीच तालमेल की गुंजाइश तलाशना आसान नहीं है। लेकिन इस बेचैनी की वजह समझना भी बहुत मुश्किल नहीं है। जिनपिंग को तीसरी बार चुन लिया जाएगा, इसमें किसी को भी शक नहीं रह गया था, लेकिन जिस अंदाज में उन्हें चुना गया है, देखकर चिंता गहराती है। जिनपिंग अपने लक्ष्यों को हासिल करने या चीन को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाने के लिए क्या और कैसे पैंतरे आजमा सकते हैं। असर दिख रहा है कि चीन के अमीर देश छोड़कर भागने की कोशिश में जुट गए हैं। कितने कामयाब होंगे पता नहीं, मगर दुनिया के शीर्ष आर्थिक अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने खबर दी है कि इसकी सुगबुगाहट तो महीनों से चल रही थी। अब बड़े घरानों के निवेश का हिसाब-किताब रखने वाले फैमिली ऑफिस चलाने वाले वकीलों के पास ऐसे लोगों-अमीरों का तांता लगा हुआ है, जो न सिर्फ चीन, बल्कि हांगकांग से भी खिसकना चाहते हैं। अब तक चीन से दुखी या चिंतित धनकुबेर हांगकांग जाया करते थे, लेकिन वहां लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को कुचले जाने के बाद वह जगह भी सुरक्षित नहीं मानी जा रही। कूटनीति और सामरिक विषयों के विशेषज्ञ चार्ल्स पार्टन का कहना है कि अगर पार्टी कांग्रेस में जिनपिंग के भाषण को सीधे शब्दों में बदलकर देखा जाए, तो वह अब चोटी पर पहुंचना चाहते हैं, अमेरिका को शिखर से धकेल देना चाहते हैं और फिर पूरी दुनिया की बिसात ऐसे बिछाना चाहते हैं, जहां सब कुछ चीन के हितों और मूल्यों के हिसाब से चलता हो। जिनपिंग ने एक और बात की है, जो खासकर निवेशकों को चुभ रही है। उन्होंने संकेत दिए हैं कि देश के आर्थिक विकास के मुकाबले सुरक्षा ज्यादा बड़ी प्राथमिकता होगी। यह बात विदेशी और देशी, दोनों ही निवेशकों को चिंता में डाल रही है। हालांकि, चीन की जीडीपी में 3.9 प्रतिशत बड़त की खबर आई है, लेकिन इससे किसी को राहत महसूस नहीं हो रही। उल्टे लोग सवाल पूछ रहे हैं कि अब भी कोरोना जनित लॉकडाउन लगा-लगाकर कैसे आर्थिक विकास पटरी पर लौटेगाड़ शुक्रवार को ही खबर आई कि वुहान में फिर लॉकडाउन लगा दिया गया है। पिछले कई सालों से दुनिया यह मानती थी कि चीन आर्थिक विकास की कीमत पर कोई फैसला नहीं करेगा, लेकिन अब शायद परिस्थिति बदल गई है। अब सुरक्षा, साम्राज्य विस्तार या अपना दबदबा बड़ाने के लिए चीन आर्थिक विकास से भी समझौता करने को तैयार हो रहा है। भारत के लिए यहां दोहरी चुनौती है, क्योंकि चीन के साथ भारत का व्यापार और व्यापार घाटा भी बड़कर चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुका है। दूसरी तरफ, सीमा पर भी चीन लगातार परेशानी खड़ी करता रहा है। हम आर्थिक, सामरिक रूप से कितने तैयार हैंड़ दुनिया भर के निवेशक अगर चीन से मुंह मोड़ने लगते हैं, तो फिर उनके स्वागत के लिए हमारी सरकार और हमारे व्यापारी कितने तैयार हैंड़

# सकल जगतारिणी हे छठी मइया

छठ लोकपर्व है। लोकगीत इसका प्राणरस है। सूर्य भी तो इस जगत में प्राण फूंकता है। उगी हे सुरूज देव, भेल भिनसरवा, अरघ केरा बेरवा हो/ बरती पुकारे देव, दुनो करजोरिया, अरघ केरा बेरिया हो... यह सुबह के अर्घ्य के समय का गीत है। इस गीत के जरिये व्रती महिलाएं सूर्य देव से आराधना करती हैं कि आप उगिए। सामूहिक स्वर में जब घाट पर यह गीत गाया जाता है, तो लगता है, कहीं सैकड़ों लोग एक साथ मंत्र का जाप कर रहे हों और सामने से सूर्य देव आ रहे हों। छठ में गाए जाने वाले लोकगीत ही उसके मंत्र और शास्त्र, दोनों हैं। छठ में जितने विधि-विधान होते हैं, उनमें थोड़ा-बहुत बदलाव अलग-अलग इलाके में बेशक आप देख सकते हैं, लेकिन एक बात हर जगह समान रूप से मिलेगी कि कहीं भी, कोई भी छठ का पर्व गीत के बिना करता हुआ नहीं मिलेगा।

मुझे छठ के पारंपरिक गीत बेहद पसंद हैं। खासकर वे गीत, जो व्रती महिलाएं अपने-अपने घाट पर व्रत के दौरान, प्रसाद बनाते वक्त, खरना के दिन सामूहिक स्वर में गाती हैं। इनमें सबके कल्याण की भावना होती है। सकल जगतारिणी हे छठी मइया, सभक शुभकारिणी हे छठी मइया/ जल-थल-वायु-अगिन में अहीं छी, अहीं छी जग के आधार/ सकल जगतारिणी हे छठी मइया, सभक शुभकारिणी हे छठी मइया...।

इधर चलन चला है कि पॉपुलर फिल्मी धुनों पर भी छठ गीत बनने लगे हैं, और यह भी कि जो कुछ सामयिक घट रहा है, उसको भी छठ के गीतों में लाया जाए। व्यक्तिगत तौर पर मैं इसकी पक्षधर नहीं हूं। सामयिक संदर्भों को लोकगीतों में लाने के लिए अनेक विधाएं हैं। फाग के गीत, चैती के गीत, सोरठी धुन पर गीत सब सामयिक विषयों को सामने लाते रहे हैं। सबसे बड़कर तो कजरी की विधा है, जो हमेशा समकालीन विषयों को लेकर आगे बड़ती रही है। इतनी विधाएं हैं, जिनमें कई प्रयोग किए जा सकते हैं।वैसे छठ के गीतों का दायरा सीमित है, इसलिए इसे सीमित ही रहने दिया जाए। सृष्टि और प्रकृति से जुड़े तत्वों का मेल-जोल, सूप-दौरा में रखे जाने वाले सामान का विवरण, नदी-घाट का विवरण, बेटा-बेटी की कामना, अच्छे स्वास्थ्य की कामना, दुख से मुक्ति की कामना, सुख मिलने पर धन्यवाद ज्ञापित करने जैसे शाश्वत तत्वों को लेकर ही गीत गाया जाए। छठ के पारंपरिक गीत में उगी हे सुरूज देव... कांच ही बांस के बहंगिया... गंगा माई के उंच अररिया... सोने के खड़उआं हे दीनानाथ... जैसे गीत मुझे बहुत पसंद हैं। छठ गीतों में कैसा प्रयोग हो, इसके लिए बिहार की मशहूर लोकगायिका विंध्यवासिनी देवी मानक हो सकती हैं। भूपेन हजारिका साहब जैसे संगीतकार के साथ मिलकर उन्होंने जो गाए, वे पारंपरिक छठ गीत की तरह लोकमानस में रच-बस गए हैं।मैं बचपन से ही छठ देखती रही हूं। इसमें बहुत कुछ बदला है, लगातार बदलने की कोशिश जारी भी रहती है। मगर अच्छी बात यह है कि इस पर्व पर बाजार हावी नहीं हो पा रहा। जैसे, छठ में आज भी आपको घर पर में बनाकर खाना होगा। अमीर हो या गरीब, सब नहाय-खाय के दिन लौकी की सब्जी और चावल ही खाते हैं। सब ठेकुआ ही प्रसाद में चड़ाते या बांटते हैं। हालांकि, इधर एक-दो बदलाव ऐसे भी दिखे हैं, जो पीड़ा देते हैं। एक तो यह कि अब छठ घाटों पर भी अमीरी और गरीबी का फर्क दिखने लगा है, और दूसरा यह कि छठ गीतों को भी सामान्य फिल्मी गीत की तरह बनाने की कोशिश हो रही है। हाल के वर्षों में छठ गीतों में अश्लीलता का बड़ना बेहद दुखद है। मेरा मानना है कि छठ गीतों में शालीनता बचाना छठ महोत्सव समितियों के हाथों में है। वे तय कर लें कि जो मूल रूप से छठ के गीत होंगे या मूल गीत के करीब होंगे, या फिर जिन गीतों में छठ का मर्म-भाव व तत्व होगा, उन्हीं गीतों को छठ घाटों पर, गलियों में सार्वजनिक तौर पर बजाया जाएगा, तो निस्संदेह वैसे ही गीत बनने-बजने लगेंगे, जो सदियों से हमारे दिलों के करीब रहे हैं। स्पष्ट है, समाज को अपने तईं प्रयास करना होगा। कुछ गायक तर्क देते हैं कि अश्लील गीतों को 'मिलियन व्यूज' मिल जाते हैं, जबकि उम्दा गीत अपने श्रोताओं को तरसते रहते हैं। इसलिए श्रोताओं को तय करना होगा कि उनको क्या सुनना चाहिए। वे अपने बच्चों या परिवार को क्या सुनाना चाहते हैं। श्रोता यह रोना नहीं रो सकते कि यही गाना चल रहा है। छठ की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए समाज को जागना चाहिए। मुझे भी अश्लील गीत गाने के ऑफर मिलते हैं। न कहने पर यह धमकी भी दी जाती है कि इस जीवन में गायक-कलाकार बनने का ख्वाब छोड़ दो। मगर अच्छी बात यह रही है कि जिन लोगों ने मुझे उस वक्त इस तरह की सलाह दी थी, वही अब मुझसे अच्छे गीतों की मांग करने लगे हैं। पूर्वांचल के सभी युवाओं को छठ पर्व से प्रेरणा लेते हुए अपनी संस्कृति के लिए दृढ़ता के साथ खड़ा होना चाहिए। 'पब्लिक डिमांड' के अनुसार गाने के बजाय मैंने पब्लिक की डिमांड बदलने के लिए गाने का प्रयास किया। इसका लाभ यह मिला कि चंद कार्यक्रम ही सही, पर वे यादगार रहे। मान-सम्मान और गरिमा-मर्यादा के साथ।हां, एक सुखद बदलाव यह हुआ है कि अब हर साल अधिक से अधिक पुरुष व्रतियों की संख्या बड़ रही है। हमारे समाज में जिउतिया से लेकर तीज जैसे अनेक पर्व हैं, जिनमें महिलाएं अकेले ही उपवास करती हैं, लेकिन छठ संभवतः इकलौता ऐसा पर्व है, जो पुरुषों में भी कोमल-कल्याण भाव जगा रहा है।छठ का त्योहार निश्चय ही पूरी आस्था के साथ मनाएं, लेकिन श्रोतागण जहां भी छठ गीतों में छेड़छाड़ देखें, तुरंत विरोध करें। मगर इसके साथ अच्छा यह भी होगा कि रचनाकार बेटियों पर केंद्रित अधिक से अधिक छठ गीत लिखें। ऐसा करने से छठ की मर्यादा भी बची रहेगी और उसके दायरे का भी अधिकाधिक विस्तार होगा। विंध्यवासिनी देवी तो गा भी चुकी हैं- पांच पुतर अन धन लछ्मी, लछ्मी मंगबई जरूर/ पियवा के काया मोरा कंचन, बर मंगबई जरूर...

## अभद्र बोल पर वार

अभद्र भाषा या 'हेट स्पीच' के लिए समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को दोषी ठहराए जाने का भारतीय राजनीति में एक व्यापक सांकेतिक महत्व है। इसका एक पहलू राजनीतिक है, तो दूसरा सामाजिक है, जिस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। खैर, आजम खान को तीन साल की कैद के साथ ही, 2,000 रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई गई है। आजम खान ने मुख्यमंत्री व रामपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी के खिलाफ हेट स्पीच या भड़काऊ बयान दिया था और अप्रैल 2019 में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी के एक वरिष्ठ नेता आजम खान इन दिनों उत्तर प्रदेश के रामपुर से विधायक हैं। सजा मिलने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता जा सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो यह दूसरे नेताओं के लिए सबक होगा। दूसरी ओर, अगर लोग यह मानेंगे कि राजनीतिक द्वेष की वजह से आजम खान को सजा सुनाई गई है, तो इसका बुरा असर भी हो सकता है। फैसला भले अदालत ने किया है, लेकिन सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह किसी भी तरह से राजनीतिक विद्वेष दर्शाती हुई न दिखे। आजम खान मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। जमीन हड़पने के एक मामले में वह महीनों जेल में रहे हैं और इस मामले में उन्हें तत्काल तो जेल नहीं जाना पड़ेगा, वह ऊपरी अदालत में अपील कर सकते हैं। वैसे भी ऐसे मामलों में किसी नेता को सजा देना आसान काम नहीं है। देश में बड़ी संख्या में ऐसे नेता हैं, जिन्होंने भड़काऊ बयान दिए हैं, पर आराम से सभाओं में या लोगों के बीच घूम रहे हैं। घृणा फैलाने वाले बयान व भाषण तो देश में बहुत हैं, लेकिन सजा मिलने के उदाहरण बहुत कम हैं। घृणा की अपनी अलग राजनीति है, सत्ता या सरकार बदलने के साथ ही अपराध के प्रति नजरिया बदल जाता है। विपक्ष में रहते बहुत तीखा बोलने वाले नेता भी सत्ता में आकर अपेक्षाकृत सुधर जाते हैं। कानून की राह भी बहुत उलझी हुई है, अनेक नेता पहले ही अदालतों से राहत या जमानत लेकर बैठे रहते हैं। दरअसल, बहुत हद तक ऐसे मामलों में सरकार की मर्जी भी मायने रखती है। आजम खान की ही बात करें, तो उनके खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। कभी वह उत्तर प्रदेश की सत्ता में बड़े कद्दावर नेता थे। तमाम परेशानियों के बावजूद पिछले चुनाव में उन्होंने साबित किया कि आज भी उनका जमीनी आधार है। अब जरूरी है कि वह अगर खुद को निर्दोष मानते हैं, तो कानूनी लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ें। जहां तक कानून और संविधान की बात है, तो उससे कोई समझौता किसी भी सरकार को नहीं करना चाहिए। कानून में पर्याप्त प्रावधान हैं कि कोई भी भड़काऊ इंसान छुट्टा नहीं घूम सकता, लेकिन आज यह बात किसी से छिपी नहीं कि सभी दलों में ऐसे लोग भरे पड़े हैं, जिनके नफरती बोल देश के बुनियादी लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी बात रखने का एक सलीका है, जिसे लोग भूलते जा रहे हैं। यह भी एक पहलू है कि समाज में अपशब्द ही लोगों का ज्यादा ध्यान खींचने लगे हैं। अपशब्द बोलने वालों को सजा मिलने लगेगी,

# वास्तु के अनुसार, इस दिशा में सिर रखने से आती है अच्छी नींद

अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से सुकून और आराम की तलाश में हम सभी अपने अपने घरों का रुख करते हैं। ऐसे में घर



यदि वास्तु शास्त्र के अनुसार व्यवस्थित किया जाए तो घर में हमेशा पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। इससे हमारा मन शांत रहता है और नए नए कार्य को करने के लिए प्रेरित होता है। वास्तु घर की सजावट में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे घर की सुंदरता और भी बढ़ जाती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर को सजाने से देवता प्रसन्न होते हैं और घर पर किसी तरह का कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। आज हम कुछ आसान से वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं

1. बेडरूम में मेन गेट की तरफ पैर करके नहीं सोना चाहिए। सोते वक्त कभी -भी पूर्व दिशा में सिर और पश्चिम दिशा में पैर करके सोने से मन आध्यात्मिक भावनाओं की वृद्धि होती है।
2. किसी भी व्यक्ति को दक्षिण दिशा की ओर पैर करके नहीं सोना चाहिए। इससे बेचैनी, घबराहट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है।
3. घर के कमरों में कांटे वाली गुलदस्ते नहीं रखनी चाहिए।
4. घर के उत्तर दिशा में जिसे ईशान कोण भी कहते हैं हल्के वस्तुएं रखनी चाहिए।
5. घर में अग्नि से जुड़ा हुआ कोई भी उपकरण दक्षिण- पूर्व दिशा में रखना चाहिए।
6.घर में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक आइटम को का उचित रखरखाव करना चाहिए।
7. घर में यदि पौधे लगे हुए हैं तो उनमें रोजाना पानी देना चाहिए। ताकि पौधा सूखने न पाए।
8. दक्षिण पश्चिम दिशा में ओवरहेड वॉटर टैंक की व्यवस्था करने से काफी शुभ माना जाता है।

# कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने किरनापुर एवं लांजी में बीएलओ की ली बैठक

## गोदरी बीएलओ निलंबित एवं 4 अन्य बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा 30 नवंबर को किरनापुर एवं लांजी में बीएलओ की बैठक लेकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की विस्ताकर से समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री निकिता सिंह मंडलोई, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री शोभना ठाकुर, सतीश चौधरी, जनपद पंचायत के सीईओ रंजीत ताराम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर डॉ मिश्रा ने बैठक में सभी बीएलओ से कहा कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ करें और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। विधानसभा क्षेत्र लांजी में जनसंख्या और मतदाता संख्या का अनुपात 70.93 प्रतिशत है। इससे परिलक्षित होता है इस विधानसभा क्षेत्रों में मृत हो चुके या अन्य कारणों से बाहर जा चुके मतदाताओं के नाम सूची से नहीं काटे गये है। अतः मृत हो चुके या बाहर जा चुके लोगों के नाम पूरी तरह से जांच करने एवं संतुष्ट होने के बाद ही काटें। जिले का स्त्री-पुरूष लिंगानुपात 1021 है, लेकिन मतदाता सूची में विधानसभा क्षेत्र लांजी में 979.34 लिंगानुपात है। इसका मतलब है कि इस विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने से छूट गये है। अतः जिले में विवाह के बाद आयी नई बहुओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाये। सभी बीएलओ जनसंख्या एवं मतदाता संख्या अनुपात एवं जेंडर अनुपात पर विशेष ध्यान दें। यह अनुपात जिले के अनुपात के आसपास ही होना चाहिए।बैठक में सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया कि जो युवा 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उनके नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलायें। कालेज एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में जाकर शिविर लगायें और पात्र छात्र-छात्राओं के प्रारूप-06 में आवेदन करवायें। घर-घर जाकर 18 से अधिक की आयु के युवाओं एवं विवाह के बाद आयी नई बहुओं के नाम सूची में जोड़ने एवं मृत लोगों के नाम काटने के लिए कारगर प्रयास करें। क्षेत्र के विधायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं इसकी जांच कर लें। यदि किसी व्यक्ति का नाम दो जगह पर दर्ज है तो उसकी जांच करने के बाद वह व्यक्ति जहां निवास करता है, वहां पर नाम सूची में रखकर दूसरे स्थान से उसका नाम हटा दें। यदि आवेदक के नाम में मात्राओं का अंतर हो तो उसका आवेदन निरस्त नहीं करना है।बैठक में सभी बीएलओ से कहा गया कि वे अपने क्षेत्र के मतदाताओं के आधार डाटा संग्रहण का कार्य शीघ्रता से शत प्रतिशत पूर्ण करें। जिनके द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती जायेगी उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मतदाताओं के आधार डाटा संग्रहण में लापरवाही बरते जाने पर गोदरी के पंचायत सचिव पंकज पांचे को निलंबित करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार सिंगोड़ी के पंचायत सचिव धनेन्द्र पटले, हिर्री के सहायक सचिव बब्लू मेश्राम एवं धड़ी के सचिव धनीराम शेंडे को सेवा समाप्ति का नोटिस एवं मंगोलीखुर्द के सचिव रामगोपाल रिनायत को निलंबित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 09 नवंबर 2022 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया है। इसी दिन से मतदाता सूची में नाम शामिल करने, मृत या बाहर जा चुके लोगों के नाम हटाने और नाम में संशोधन संबंधी दावे आपत्तियाँ भी ली जा रही है जो 8 दिसंबर 2022 तक लिए जाएंगे, प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 26 दिसंबर 2022 को किया जायेगा। इसके बाद 5 जनवरी 2023 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।




# पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**





मध्यप्रदेश में नक्सल उन्मूलन में तैनात हॉक फोर्स के जवानों को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। मंडला एवं बालाघाट जिले की मोतीनाला थाना की सुपखार के पास जगलीखेड़ा के जंगल में नक्सली एनकाउंटर की खबर सामने आई है । जहां पर हाक फोर्स व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों को पुलिस ने मार गिराया है। और एक घायल होने की प्रारंभिक जानकारी मिली है। वही जानकारी अनुसार बता दें कि कान्हा नेशनल पार्क के कोर जोन में आज सुबह मुखबिर से जानकारी मिलते ही हाक फोर्स की टीम सूपखार के जंगल पहुंची जहां पर दर्जनों नक्सली होने की जानकारी मिली थी। नक्सली देख दोनों ओर से फायरिंग प्रारंभ हो गई जिसमें नक्सली कमांडर को मार गिराया जिसके पास से एके-47 राइफल मिली है। वहीं एक अन्य नक्सली भी मारा गया हैं। और एक नक्सली को गोली लगी होने से घायल होने की जानकारी मिल रही है। जिसकी तलाशी जारी है। मारे गए नक्सली कान्हा भोरमदेव कमेटी के सक्रिय नक्सली होना बताया जा रहा है। जानकारी लग रही है। कि मारे गए नक्सलियों की जानकारी मिलते ही बालाघाट जिले के आईजी और एसपी सहित मंडला जिले के एसपी भी मौके पर पहुंच गए हैं। और अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रतियोगिता संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय विद्यालय में कक्षा पहली से 12 वीं में अध्ययनरत बच्चों की विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैस -नृत्य, गायन, चित्रकला, रंगोली, पुष्पसज्जा का आयोजन करने के निर्देश दिये गये थे। इसी तारतम्य में दिव्यांग बच्चों के खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कार्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी के परिसर में 30 नवंबर दिन बुधवार को सम्पन्न कराया गया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया। इस सामर्थ्य प्रदर्शन हेतु खेलकूद प्रतियोगिता में विकासखंड अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के लगभग 93 दिव्यांग बच्चों ने भाग लेकर प्रतिभा दिखायी। जिन्हें पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़, 100 मी. दौड़, मटकी फोड़, नृत्य, चित्रकला, रंगोली, पुष्पसज्जा, गायन इत्यादि खेलों में दिव्यांग बच्चों के द्वारा भाग लेकर प्रतिभा प्रस्तुत की गई।

**इनकी रही गरिमामई उपस्थिति**-आयोजित विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से श्रीमती अर्चना खोंगल जनपद अध्यक्ष, अजय अवसरे अध्यक्ष शिक्षा समिति एवं उपाध्यक्ष ज.पं. लांजी, रेवाजी करहाटकर सभापति महिला एवं स्वास्थ्य समिति, दिनेश लाड़े सभापति संचार सम्पर्क विभाग, देवेन्द्र खोंगल विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष, बी.आर. गुरदे बी.ई.ओ., सी.एस. कुशराम प्राचार्य शास. कन्या उ.मा.वि.लांजी, महेन्द्र कुमार अवसरे प्राचार्य शा.उ.मा.वि. मोहझरी, एम.आर. बागड़े प्राचार्य शा.हाईस्कूल नेवरवाही, मदनलाल एड़े प्राचार्य शा.हाईस्कूल सुनारककोड़ी, शिवेन्द्र उके बीआरसी, युवराज टेंभरे बीएसी, श्रीमती गीता लिल्हारे बीएसी, महेश कुमार उइके सह-समन्वयक न.भा.सा.कार्यक्रम, चंद्रकेश माने उपयंत्री, खिलेश डोहरे एमआरसी, श्रीमती कल्पना खोटेले एमआरसी, अनीश वैध आपरेटर, पवन कुमार सिहं सोलंकी आपरेटर, तोमेश्वर घासले भृत्य, जनशिक्षक विनोद नेवारे, अजय येरपुडे, दादूराम रणदीवे, लक्ष्मीकांत मडामे, राधेश्याम सोनवाने, मधुसुदन मस्करे, उत्तम गेडाम, डाकचंद पारधी, चुनेन्द्र ठाकरे, युवराज बनाफरे, शेषराम बागमोरे, होलराज चैहान, गिरीश पारधी, नोहेश भटेरे, डेविड मेश्राम, रामकुमार राहंगडाले एवं अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायकगण ज्ञानीराम भण्डारकर, ईश्वरी सातपुते, कैलाश वैध, सी.के.वैध, दिलीप भिमटे, श्रीमती रीता घोंघड़े, श्रीमती सीमा मस्की, श्रीमती प्रेमलता अवसरे ने प्रतियोगिता में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।



**इन दिव्यांग बच्चों को किया पारितोषिक**-विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रतियोगिता में खुर्सी दौड़ माध्यमिक विभाग (बालिका) प्रथम दिव्या पिता रूपलाल चिखले, द्वितीय रितिका गोस्वामी, कुर्सी दौड़ माध्यमिक बालिक वर्ग में प्रथम आदित्य पिता दिपक भिमटे, द्वितीय मोहित कालबेले, 100 मीटर दौड़ प्रथम - ओम पिता मुकेश , द्वितीय - आशिष पिता रूपदास नगपुरे, माध्यमिक विभाग पुष्पसज्जा प्रथम- ममता खेमचंद, द्वितीय-कावेरी पिता हरिचंद, प्राथमिक विभाग साक्षी पिता रमेश, द्वितीय - खेमेश्वरी पिता नरेन्द्र, गायन प्रथम - निकिता पिता भूनेश्वर , द्वितीय- आंचल पिता धनराज , नृत्य प्रथम प्राची पिता उलास, द्वितीय - जानवी करसायर, रंगोली प्रथम-आयुषी तिलासे, द्वितीय- खेमेश्वरी पिता नरेन्द्र, माध्यमिक विभाग ज्योति सोनवाने , द्वितीय-मुस्कान नरताम, हाईस्कूल प्रथम- सीमा पिता चेतनलाल पांचे, द्वितीय-जोया पिता रहीम खान, प्राथमिक विभाग 100मीटर दौड़ अमन पिता युवराज, द्वितीय-पीयुष पिता अरूण गेड़ाम, बालिका वर्ग में प्रथम-मनु पिता मेघनाथ, द्वितीय-प्रियंका पिता महेन्द्र टेकाम, कुर्सी दौड़ प्रथम-प्राची पिता हुलासराम हरदे, द्वितीय-रागिनी पिता चुन्नीलाल, कुर्सीदौड़ प्रथम- प्रतिक पिता लवकुश, द्वितीय-विनय पिता मुरलीधर कुचलाहे, मटकीफोड प्रतियोगिता प्रथम-पीयुश गेड़ाम, प्रतीक नेवारे, साक्षी वैध, सौरभ वैध, खुशाल किरमे, चित्रकला प्राथमिक विभाग प्रथम- आयुषी तिलासे, द्वितीय-साक्षी वैध, माध्यमिक विभाग प्रथम-नैना कुचलाहे, द्वितीय-आंचल नेवारे, हाईस्कूल प्रथम-आदित्य श्रीखंडे एवं द्वितीय-राहुल बड़घैया प्राप्त हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत में आये 07 छात्राओं कु. दिशा एड़े , कु. सृष्टि पटले, कु. दिशा तुरकर, कु. प्रेरणा लाडे, कु. आलिया गनी, कु. खुश्बु ब्रम्हपुर, कु. अदिति पटले को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की मासिक 'इंगित बाल गोष्ठी' हुई सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** रामचरण रुचिर प्रचार प्रसार मंत्री के अनुसार मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर के तत्वावधान में गत दिवस सभा भवन गंज लश्कर ,ग्वालियर में÷इंगित बालगोष्ठी ÷का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ गीतकार मुरारी लाल गुप्त÷ गीतेश ÷ ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार कौशलेंद्र सिंह घुरैया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकुन्द पराड़कर आसंदी पर विराजमान थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सरस्वती वंदना सलोनी शर्मा ने की । अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक संगीता गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को एक सूत्र में पिरोने का कार्य वंशिका अग्रवाल ने किया।अंत में आभार ज्ञापन मंत्रिता शर्मा ने किया। अध्यक्ष की आसंदी से सुप्रसिद्ध गीतकार ÷गीतेश ÷ ने कहा कि ÷किसी भी कविता को पढ़कर उसके शब्द और कहन की नकल न करें।स्वयं के मौलिक विचारों को ही कविता का रूप दें।÷ गीतेश जी की दो पुस्तकें गीत विधा में और एक निबंध विधा में आ चुकी हैं। कौशलेंद्र सिंह घुरैया ने कहा, कि ÷ हम चालीस वर्षों से निरंतर साहित्य सभा भवन आ रहे हैं। इन बच्चों में अपने उज्ज्वल भविष्य को देखकर प्रसन्नता होती है।÷ घुरैया




सौ कहानियां लिख चुके हैं। मुकुंद पराड़कर ने कहा ÷बच्चों को सभा भवन में देखकर प्रसन्नता होती है।÷ कार्यक्रम संयोजक संगीता गुप्ता ने बाल गीत सुनाया ।वंशिका अग्रवाल,सलोनी शर्मा, आराध्या शर्मा,नमन शर्मा और श्रुति सिरोठिया ने कवितायें प्रस्तुत कर गोष्ठी को समृद्ध किया।

इस प्रकार रही।

दादी तुम कितनी अच्छी।
तन की सुन्दर मन की सच्ची।।
हो गई सुबह बज गए सात।
कोहरा सर्दी या बरसात।।÷
संगीता गुप्ता

÷मैं भारत का संविधान हूं,
एकमात्र लिखित संविधान हूं।÷
वंशिका अग्रवाल

÷माँ भक्ति है तो पिता ज्ञान है
माँ करुणा है तो पिता स्वाभिमान है÷
सलोनी शर्मा

दादी तुम हो कितनी अच्छी।
तन की सुंदर मन की सच्ची।।÷
श्रुति सिरोठिया

# महेंद्र मुणोत ने शिक्षण सामग्री का किया वितरण



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** ÷भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चोलूरपाल्या क्षेत्र में आयोजित कन्नडा राज्योत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद हेच रविंद्र ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया विशिष्ट अतिथि महेंद्र मुणोत ने अन्न दान कार्यक्रम एवं शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम में भाग लिया श्रीराम सेना के नवीन सेठ एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने महेंद्र मुणोत को सम्मानित किया गया ।मुणोत ने सभी कार्यकर्ता एंव पदाधिकारियों को धन्यवाद देकर आभार वक्त किया ।

# बहेला, लांजी एवं भानेगांव में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र शिविर हुआ

## बहेला में 25, लांजी में 26 एवं भानेगांव में 65 मरीज मोतियाबिंद चिन्हित

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा प्रतिमाह 30 नवंबर को आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में लांजी अंतर्गत बहेला, लांजी एवं भानेगांव में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया तथा चिन्हित किए गए मोतियाबिंद मरीजों को संस्था की सारी सुविधाओं के माध्यम से ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया गया।महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल ने बताया की शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलते रहा। शिविर में लांजी विधानसभा क्षेत्र के समस्त गांव के ग्रामीण जनों ने सेवा का लाभ लिया। शिविर में 276 लोगों का पंजीयन किया गया तथा 116 मरीज मोतियाबिंद चयनित किये गये। ग्राम बहेला में 25 मरीज, लांजी में 26 एवं भानेगांव में 65 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए, कुछ मरीज बीपी शुगर के कारण अनफिट पाए गए।महावीर सदस्यों के सहयोग से क्षेत्र के मोतियाबिंद से पीड़ित व्यक्तियों की मदद के लिए हर संभव मदद प्रयास किए जा रहे है।इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल लांजी के सदस्यों के सहयोग से जिसमें वरिष्ठ क्षेत्र के नागरिक, महिला पुरुष सभी की जांच की गई एवं आवश्यकता अनुसार जिन्हें आवश्यक हो उनकी जांच निशुल्क बीपी शुगर एवं आवश्यक दवाइयां उन्हें निशुल्क दी गई और मार्गदर्शन दिया । साथ ही निशुल्क मोतियाबिंद की जांच भी किया गया जिसमें संस्था के प्रशिक्षक डॉ कर्मवीर सिंह, एवं इंद्र कुमार राजा भूते ,अरशद खान के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं उनके स्वास्थ्य की जांच निशुल्क बीपी शुगर तथा संबंधित रोगों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर विशाल राउत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमेन लांजी, डॉक्टर अरशद खान, इंद्र कुमार राजा भूते , नेहल गौतम सरपंच, प्रवीण उमरे, रविंद्र पारधी, दादू नाकतोड़े, पवन खरखाटे,रुपेश रावते ,राधेश्याम नखाते, शिवम् नखाते, बंटी खरखाटे, फणींद्र दुरुगकर, भूपेश कर्राहे, नंदकिशोर बिलावर, मोनू अग्रवाल, ब्रजेश अग्रवाल, नवीन टेंभरे, नितिन हरिंनखेडे एवं महावीर इंटरनेशनल लांजी के अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।



## प्राप्त जानकारी का स्वास्थ्य के साथ व्यावसायिक उपयोग भी हो

# जीतो नार्थ महिलाओं की दो दिवसीय हर्बल कार्यशाला संपन्न

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू ÷जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग की प्रसाधन उत्पादों के उपयोग में महिला जागृति की दो दिवसीय कार्यशाला ÷ग्रूमिंग मन्त्रास÷ संपन्न हुई। जीतो की राष्टीय योजना मंजिले के अंतर्गत हर्बल एवं प्राकृतिक पद्धति से सौंदर्य प्रसाधन बनाने की इस कार्यशाला का आयोजन चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय किया गया। मुख्य प्रशिक्षक मुम्बई की मधु जैन ने दोनों दिनो में लगभग 250 संभागीयो को परफ्यूम, अत्तर, रूम फ्रेशनर, अमृत बिन्दु, आयुर्वेदिक पिल्स, बाथ सॉल्ट,मच्छर सप्रे, मच्छर बॉम , हेंड, डिश, क्लॉथ, बॉडी,फ्लोर वाश, फिनेल, शेम्पू आदी बनाना न केवल सिखाया अपितु इन सभी उत्पादों के सेम्पल भी सभी प्रतिभागी को गिफ्ट हेंपर के रूप में दिए। कार्यशाला के अपने अनुभवों को साझा करते हुए मधु जैन ने कहा कि हाल ही में ज्ञात हुई सीएसई की रिपोर्ट पर विश्वास करें तो बहुत सारी बड़ी कंपनियों के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स में अर्सेनिक, कैडमियम, लेड, मरकरी, निकेल जैसे हैवी मेटल आदि पाए गए हैं। ये वो मेटल है जो शरीर से लंबे



समय तक सम्पर्क में रहें तो कैंसर और त्वचा संबंधी अन्य समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी ब्यूटी प्रोडक्ट लेने से पहले उस पर लिखे निर्देश को बड़े ध्यान से पढ़ना चाहिये। कार्यशाला में उत्साही संभागी सदस्यों के सवालों का उन्होंने समाधान दिया। स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने वाली इस उपयोगी इस कार्यशाला के सफल आयोजन पर जीतो बेंगलोर नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा,महामंत्री सुधीर गादिया व महिला विंग संयोजक कमल पुनमिया ने शुभकामनाए दी। समापन के अवसर पर मौजूद उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने कार्यशाला में सीखे हर्बल व प्राकृतिक सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग स्वयं पर करने के साथ साथ व्यावसायिक स्तर पर भी फैलाने का अनुरोध सभी संभागीयो से किया।जीतो नॉर्थ महिला विंग मेंटर और जीतो अपेक्स की हेल्थ एंड न्यूट्रीशियन संयोजक नीशा सामर, केकेजी ज़ोन माइनॉरिटी संयोजक कविता जैन, जोन जेपीएफ संयोजक अंजली जैन इत्यादि ने अपने प्रभावी वक्तव्य से सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत नवकार मंत्र स्मरण से हुई। जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। संचालन सह-संयोजिका सुमन रांका एवं महामंत्री सुमन वेदमुथा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना व रेश्मा पूनमिया, सहमंत्री भाविका कोठारी व पिंकी मेहता कार्यसमिति सदस्य सोमना सिसोदिया, नीता गादिया, जयश्री जैन, साधना धोका संयोजिका रक्षा छाजेड के साथ संगीता नागोरी, सारिका मेहता, नीतू मेहता, जयंती जैन, भावना पोरवार, लतिका जैन, कंचन मेहता, मधुबाला बरलोटा ,तारा रायसोनी, रंजना जैन इत्यादि का सहयोग सराहनीय रहा।सभी संभागीयो को सभी सिखाए गए उत्पादों की रेसिपी दी गयी ताकि वो इन हर्बल सौंदर्य प्रसाधनों को घर बनाकर स्वयं के उपयोग के साथ-साथ व्यवसाय भी कर सके।सभी संभागियों को डिजिटल सर्टिफ़िकेट भी दिए गए। जीतो को धन्यवाद देते हुए कई संभागीयो ने कार्यशाला के अपने अनुभवो को साझा किया। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने विषय पर प्रायोगिक मेडीटेशन करवाया एवं धन्यवाद दिया।

# सांसद संध्या राय दो दिवसीय प्रवास पर भिंड रहेंगी

## सांसद संध्या राय अपने निजी निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं एवं कार्यक्रमों में होंगी शामिल



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत 1 से 2 नवंबर तक भिंड जिले के अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगी और अपने निजी निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से बैठकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे।भाजपा सांसद संध्या राय 1 नवंबर को गवालियर में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे इसी दिन शाम 6ः00 बजे ग्वालियर से भिंड के लिए प्रस्थान करेंगे । 2 नवंबर को सुबह 10ः00 बजे अपने निजी निवास चंबल कॉलोनी पर कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। इसी दिन 11ः00 विधानसभा क्षेत्र लहार के असवार में नेत्र शिविर में शामिल होगी। इसी दिन 2ः00 बजे लहार से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी । शाम 5ः00 बजे ग्वालियर में कार्यक्रम में सम्मिलित शाम 7ः00 बजे भिंड के लिए प्रस्थान इसी दिन शाम को भिंड में शादी विवाह समारोह में शामिल होंगी।

# यातायात पुलिस पन्ना की बिना परमिट वाले वाहनों पर बड़ी कार्यवाही

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

यातायात पुलिस पन्ना द्वारा बिना परमिट वाले वाहनों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए जब्त किया है। सवारी परिवहन करने वाले कुल 352 ऑटो रिक्शा वाहनों को चैक किया और बिना परमिट के संचालित किए जा रहे 34 वाहनों को जब्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किए गए।2श्च क्रमांक 08/2013 सतीश कुमार वर्मा विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवम अन्य याचिका में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के पालन करते हुए सघन चेकिंग करते हुए यह वैधानिक कार्यवाही की गई है। आने वाले समय में भी परिवहन विभाग , यातायात पुलिस एवम पुलिस थाना एवम चौकियों के माध्यम से चेकिंग करते हुए बिना परमिट पाए जाने वाले वाहनों पर इसी प्रकार की कार्यवाही की जायेगी। यात्रियों की जानमालकी रक्षा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उपरोक्त प्रकार की कार्यवाही आवश्यक थी।




# अजयगढ़ नगर का होगा सर्वांगीण विकासः मंत्री श्री सिंह

## खनिज साधन मंत्री ने आवास योजना के हितग्राहियों को राशि का किया वितरण, विकास कार्यों की दी सौगात



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

अजयगढ़ में निरंतर विकास कार्यों के माध्यम से नगर को सुन्दर व सुव्यवस्थित बनाया जाएगा। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सार्थक प्रयास किए जाएंगे। सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचेगा। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बुधवार को अजयगढ़ में नगर परिषद के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन अवसर पर यह बात कही। उन्होंने नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ 83 लाख रूपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के 181 हितग्राहियों के बैंक खातों में 1 करोड़ 45 लाख रूपये की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की गई। डीपीआर में स्वीकृत आवास योजना के नवीन हितग्राहियों को प्राधिकार पत्र भी वितरित किए गए।मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विशेष प्रयास कर सरकार की आवास योजना का लाभ प्रत्येक गरीब व पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। अजयगढ़ नगर के 800 से अधिक छूटे हुए गरीब व्यक्तियों के नाम आवास योजना के लाभ के लिए जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों को स्वयं का पक्का आवास मुहैया कराने के लिए योजना संचालित की जा रही है। मंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करवाया जाएगा। इस योजना में 55 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना दोबारा शुरू की है। इसी तरह नए स्वरूप में लागू संबल योजना में जन्म से मृत्यु तक कई प्रकार के लाभ दिए जा रहे हैं। निःशुल्क राशन वितरण योजना का लाभ भी लोगों को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि गत दिवस अजयगढ़ में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं व उपचार का लाभ सुनिश्चित किया गया है। आयुष्मान भारत योजना में गरीब व्यक्तियों को एक वर्ष में 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा भी मिल रही है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत स्तर पर बीमारी के उपचार के लिए गरीब व्यक्ति मिलने पर निःशुल्क इलाज करवाया जाएगा।



**एक लाख से अधिक हितग्राहियों को मिलेंगे स्वीकृत पत्र**–खनिज मंत्री ने कहा कि गत 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत आयोजित शिविरों में सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए चिन्हांकित पात्र हितग्राहियों को आगामी दिनों में योजनाओं के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया जाएगा। पन्ना जिले में 1 लाख से अधिक पात्र हितग्राही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए पात्र पाए गए हैं। आगामी दिनों में कार्यक्रम आयोजित कर इन हितग्राहियों को लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरियारपुर से नरैनी तक नहरपट्टी रोड बन जाने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी और विकास के नए द्वार भी खुलेंगे। अजयगढ़ में 220 के.व्ही. के पॉवर स्टेशन के निर्माण के लिए जमीन के चिन्हांकन का कार्य प्रक्रिया में है। जल जउन्होंने कहा कि गत दिवस गुजरात भ्रमण के दौरान गांव के विकास मॉडल का अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री से चर्चा कर प्रदेश में मॉडल गांव के क्रियान्वयन का प्रयास भी होगा। आगामी बजट में पन्ना विधानसभा के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत करवाने की बात भी कही। नगर परिषद अध्यक्ष व सीएमओ को नगर के पुरानी बावड़ी व कुओं को पुनर्जीवित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा नगर के सुव्यवस्थित विकास के लिए जरूरी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। सामुदायिक भवन के उपयोग के लिए गरीब व्यक्तियों को रियायती दर पर भवन उपलब्ध कराने के लिए परिषद से प्रस्ताव पारित करवाने की अपेक्षा की। आवास योजना का लाभ मिलने पर हितग्राहियों ने खनिज मंत्री का सामूहिक रूप से स्वागत व माल्यार्पण कर आभार भी जताया।नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता ने अजयगढ़ नगर के विकास की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि परिषद के अल्प कार्यकाल में खनिज मंत्री के सार्थक प्रयास व सहयोग से नगर की जनता को विकास कार्यों की सौगात मिली है। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार खटीक, सीएमओ राजेन्द्र सिंह, संजय सुल्लेरे, सुरेन्द्र सिंह, राजकुमार जैन, हनुमत प्रताप सिंह, जगदीश गुप्ता सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# छत्रसाल कॉलेज पन्ना में पुलिस अधीक्षक ने 'महिलाओ की सुरक्षा' और 'नशा मुक्त समाज' विषय पर दिया व्याख्यान

## एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस टीम , स्पोर्ट्स से जुड़े सैंकड़ों छात्र छात्र रहे मौजूद

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा पन्ना जिले के शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय में महाविद्यालय में शिक्षणरत छात्र छात्राओं एवम महाविद्यालय और खेल विभाग के स्टाफ के समक्ष महिलाओं की सुरक्षा एवम नशा मुक्त समाज विषय पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। समाज में महिलाओं के विरुद्ध विभिन्न प्रकार से हिंसा की जाती है जैसे घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर मानसिक एवम शारीरिक प्रताड़ना, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज के लोभ में आकर ससुराल पक्ष द्वारा परेशान करना, कामकाजी महिलाओं पर टिप्पणी करना , छात्राओं का पीछा करना और बातचीत करने के लिए दबाव डालना, यातायात के साधनों में महिलाओं को बैठने का स्थान नहीं देना और छेड़छाड़ करना आदि। महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कानून बनाए गए है लेकिन युवा पीढ़ी, समाज के सभी वर्ग, गैर सरकारी संगठन, एवम शासन के सभी विभागों एक साथ आकर साझा प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। आज बालिकाओं और महिलाओं के प्रति होने वाली सभी प्रकार की हिंसाओ का त्याग कर सुरक्षित वतावरण के निर्माण और उनके अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करने की आवश्यकता है।इसी प्रकार आज समाज में नशे की लत की वज़ह से ना केवल परिवार रूपी सामाजिक इकाई का विघटन होता है बल्कि कार्य करने की आयुवर्ग वाली युवा पीढ़ी भी दिशा भ्रमित हो जाती है। सिनेमा के चरित्रों की नक़ल करने या मित्रो के पियर प्रेशर में आकर , अथवा थकान मिटाने, बोरियत मिटाने , अवसाद मिटाने, अनिंद्रा से राहत , पीड़ा कम करने या लोगो के बीच कूल दिखने की होड़ के कारण सिगरेट , बीड़ी , गुटका , तंबाकू , भांग , गांजा , खैनी , शराब , ताड़ी आदि का नशा करने की लत लग जाती है और धीरे धीरे यह नशे की लत चरस, हेरोइन, कोकेन , ब्राउन शुगर, एमडी, एलएसडी, कैथिनोंस, ट्रिप्टामाइंस,कैंबिनॉइडस, पिपराजिंस , पार्टी पिल्स ,बैंजोडाईजेपान , ओनरेक्स,कोरेक्स , एविल आदि खतरनाक नशे तक पहुंच जाती है। यही नहीं आज कल पेट्रोल, नेल पॉलिश रिमूवर , वाइटनर , सिंथेटिक पेंट्स, ड्राई क्लीन सॉल्यूशन आदि का भी नशा करते हुए देखा जा सकता है। इससे ना केवल आर्थिक हानि होती है बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पुलिस अधीक्षक पन्ना धर्मराज मीना के द्वारा नशे के लत से निकलने के लिए विभिन्न तरीके बताए तथा नशे से होने वाली हानियों कैंसर, लीवर सिरोसिस, मनोवैज्ञानिक समस्याएं, स्नायु तन्त्र की कमजोरी, उन्माद के दौरे आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया।अंत में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा व्याख्यान में मौजूद एनसीसी , एनएसएस, स्पोर्ट्स के करीब 400 छात्र छात्राओं और महाविद्यालय एवम खेल विभाग के अधिकारी एवम कर्मचारियों को नशा मुक्ति और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की समाप्ति के लिए सपथ दिलाई।



# अनीस खान का हाल जानने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश महामंत्री

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

## बीते तीन माह से अस्वस्थ्य चल रहे कार्यकारी अध्यक्ष अनीस खान



पन्ना- कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रतिनिधि के रूप में जे.पी.धनोपिया महामंत्री मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठनात्मक चर्चा के लिए 29.11.2022 को पन्ना आगमन हुआ। स्थानीय सर्किट हाउस में संगठन की बैठक के उपरांत पन्ना जिले के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अनीस खान जो विगत 3 माह से चोटिल हो जाने के कारण बिस्तर में रेस्ट पर थे उनके स्वास्थ्य को देखने के लिए उनके निज-निवास पहुंचे तथा उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। इस दौरान कांग्रेस के पन्ना जिले के प्रभारी मनोज त्रिवेदी, कांग्रेस कमेटी पन्ना की जिला अध्यक्ष शारदा पाठक, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व प्रत्याशी शिवजीत सिंह भैयाराजा, डी.के.दुबे, मनोज सेन, कांग्रेस पिछडा वर्ग के जिला अध्यक्ष राजबहादुर पटेल, नरेंद्र बंशकार, सरदार सिंह यादव, इमरान राईन सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे

# कलेक्ट्रेट कार्यालय पन्ना में आयोजित की गई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक






**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

आज दिनांक 30/ 11/ 2022 को कलेक्ट्रेट कार्यालय पन्ना में कलेक्टर पन्ना श्री संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना,एसडीएम पन्ना, तहसीलदार पन्ना, आरटीओ पन्ना, यातायात थाना प्रभारी पन्ना एवं पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका के अधिकारी /कर्मचारियो सहित रोड एजेंसी एवं संबंधित विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे । मीटिंग के दौरान कस्बा में धार्मिक स्थलों पर वाहन पार्किंग हेतु स्थानो को चिन्हित करने और यात्री बसों को कस्बा के बाहर बाईपास से आने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही बस स्टैंड को शहर से बाहर अन्यत्र स्थापित करने तथा ऑटो स्टैंड बनवाए जाने हेतु स्थान चिन्हित करने एवं रोड एजेंसियों को हाईवे पर गति सीमा बोर्ड, रंबल ट्रिप, ब्रेकर, संकेतिक बोर्ड, रोड मार्किंग बनाए जाने हेतु आदेशित किया गया। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार गुड सेमेरिटन( नेक व्यक्ति ) योजना संचालित की जा रही है जिसमें सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से पुरस्कृत किया जाता है तथा स्वास्थ्य विभाग घायलों को अस्पताल लाने वाले गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) का नाम पुरुस्कार हेतु अधिक से अधिक भेजने हेतु कहा गया जिससे संबंधित व्यक्तियों को शासन की ओर से पुरस्कृत किया जा सके और दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाई जा सके । मीटिंग में सभी विभागो में कार्यरत अधिकारी /कर्मचारियो को दो पहिया वाहन में हेलमेट धारण करने, चार पहिया वाहन में शीट बेल्ट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करवाए जानें हेतु विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया ।आगामी खेलकूद प्रतियोगिताओं नेशनल फुटबॉल कप, नेशनल वॉलीबॉल कप में यातायात व्यवस्था ठीक रहे इसके लिए सड़कों से अतिक्रमण हटाने एवं आवागमन मार्गो की सड़कें रिपेयर करने जैसे मुद्दों पर भी मीटिंग के दौरान विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी दी गई।

# डेड़ लाख आबादी वाले आदिवासी विकासखण्ड के मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मात्र तीन डॉक्टर के भरोसे

## मैनपुर अस्पताल में 07 डॉक्टर के पद रिक्त, महिला डॉक्टर की मांग वर्षो से किया जा रहा है,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में भी डॉक्टर एवं भवन की कमी के चलते हो रही है परेशानी



संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद- गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 22 वर्षो पश्चात् भी स्वास्थ सुविधा के नाम पर काफी पीछे है और तो और आज भी दुरस्थ वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाज के लिए ओड़िशा प्रदेश जाने को मजबूर हो रहे है। विकासखण्ड क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शोभा, अमलीपदर में आज तक भवन की भी सुविधा नही मिल पाई है शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भवन निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण आंदोलन तक कर चुके है और अमलीपदर में भवन निर्माण कार्य अब तक अधुरा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शोभा, उरमाल, झरगांव, अमलीपदर में एक -एक डॉक्टर तैनात किया गया है जबकि यहां और डॉक्टरो की नियुक्ति किया जाना बहुत जरूरी है क्योकि यह क्षेत्र काफी लंबा चौड़ा है। आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर शुरू से महरूम रहा है, जबकि यह क्षेत्र काफी संवेदनशील क्षेत्र के रूप मे जाना जाता है हर वर्ष यहां बारिश के मौसम मे अनेक जनित रोगो व बिमारियों से लोग पीड़ित रहते है बारिश के सीजन प्रारंभ होते ही उल्टी,दस्त व मलेरिया का यह क्षेत्र गढ़ बन जाता है, पूर्व वर्षो मे मलेरिया उल्टी दस्त जैसे बिमारियो से कई लोगो की जाने जा चुकी है साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां स्वास्थ्य सुविधा व्यवस्था ठीक ठाक रखने की जरूरत है, मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड के 177 गांवो के लगभग 1 लाख 50 हजार लोगो के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे मात्र तीन डॉक्टर ही पदस्थ है, मैनपुर मे कहने को तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है और यहां 12 डॉक्टरो के पद स्वीकृत है लेकिन इसमें से मात्र तीन डॉक्टर ही इस अस्पताल को नसीब हो पाया है।महिला डॉक्टर की मांग वर्षो पुरानी है--सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर मे महिला डॉक्टर की मांग लंबे समय से क्षेत्र के जनता करते आ रहे है, महिला डॉक्टर के अभाव मे महिलांओ को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है यहां शिशुरोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, व अन्य डॉक्टरो की कमी वर्षो से बनी हुई है मैनपुर क्षेत्र के लोगो ने स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव से मूलाकात कर मैनपुर में महिला डॉक्टर पदस्थ करने की मांग कर चुके है जिस पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जल्द ही कार्यवाही करने की बात कही गई है।दर्जन भर से ज्यादा उपस्वास्थ्य केन्द्रो के पास नही है स्वयं का भवन, पर्याप्त स्टाफ की भी कमी

### गरियाबंद जिले से बडी खबर

## उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में कैमरे में कैद हुआ बाघ की तस्वीर







**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मैनपुर** - गरियाबंद जिले से एक बडी खबर निकलकर सामने आई है, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में वन विभाग द्वारा लगाये गये टैक कैमरा में बाघ की तस्वीर कैद हुई है, जिससे वन विभाग में जंहा एक ओर लंबे समय के बाद बाघ के तस्वीर कैमरे में कैद होने से खुशी देखने को मिल रही है, वही दुसरी ओर बाघ की सुरक्षा को लेकर वन विभाग चिंतित भी नजर आ रहा है, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि छत्तीसगढ के वनमंत्री मोहम्मद अकबर के नेतृत्व एंव प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्य प्राणी) छत्तीसगढ पी.व्ही नरसिंह राव के मार्गदर्शन में आल इंडिया टाईगर स्टीमेंशन 2022 के अंतर्गत फेज - 3 कैमरा टैप एक्सासाइज के दौरान 31 अक्टुबर 2022 को उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में बाघ की फोटो कैमरा ट्रैप के दौरान कैद हुई है, इसके अतिरिक्त विगत एक वर्ष में बाघ के मल के तीन सैम्पल भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादुन डब्लू टी.आई को भेजा गया है जिसकी पुष्टि भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादुन के द्वारा की गई है, किन्तु एक से ज्यादा बाघ होने की पुष्टि डी.एन. सिक्वेसिंग रिपोर्ट जो कि फरवरी /अप्रेल 2023 में प्रेषित की जायेगी उसके आने के बाद हो पायेगीं।उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बाघ की आखरी फोटो वर्ष 2019 में उपलब्ध हुआ था जो कि मादा बाघिन थी हाल ही में मिले फोटो एंव पगमार्ग से नर बाघ के प्रमाण मिले है, टाईगर रिजर्व में प्रशासन द्वारा विगत वर्षो से लगातार बाघ की टैकिंग मांनिटरिंग एंव रहवास विकास कार्य किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप निरंतर अंतराल में बाघ के पगमार्ग मल एंव फोटोग्राफस पाये जा रहे है, एआईजी राष्टीय बांघ संरक्षण प्राधिकरण के द्वारा उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व प्रंबधन को विशेषकर वन अधिकारी कर्मचारी को बाघ की तस्वीर कैमरे में कैद होने पर बधाई दी गई है।

**क्या कहते है प्रधान मुख्य वन संरक्षक**-छत्तीसगढ प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी श्री पी.व्ही नरसिंह राव ने चर्चा में बताया कि उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वन विभाग द्वारा लगाये गये टैप कैमरा में 31.10.2022 को बाघ की तस्वीर कैद हुआ है, जो सही है और यह वन विभाग के लिए एक उपलब्धी है।

## मजदूर के सिर फोडने वाले सचिव को जिला पंचायत सीईओं ने हटाया , आदेश जारी

### विशेष पिछडी कमार जनजातियों का आक्रोश नही हुआ कम,कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर सचिव को निलंबित करने की मांग

### एसटीएसी के तहत सचिव के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेजने की मांग को लेकर पहुचे जिला मुख्यालय

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मैनपुर** - तहसील मुख्यालय मैनपुर से 07 किलोमीटर दुर ग्राम पंचायत तुहामेटा में मजदूरी राशि मांगने



विशेष पिछडी कमार जनजाति के ग्रामीण सोमारू राम के साथ ग्राम पंचायत के सचिव निर्मल देशमुख द्वारा कथित मारपीट और मजदूर के सर फोडने के मामले गरमाता जा रहा है, इस मामले में शिकायत के बाद जिला पंचायत मुख्यकार्यापालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत तुहामेटा के सचिव निर्मल कुमार देशमुख को तत्काल आगामी आदेश तक ग्राम पंचायत तुहामेटा से हटाकर ग्राम पंचायत शोभा में पदस्थ किया गया है, और इस मामले की खबर 25 नवम्बर को प्रकाशित होने के बाद 25 नवम्बर को ही सचिव को हटा दिया गया है, लेकिन ग्राम पंचायत तुहामेटा के कमार जनजातियों का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है, इस मामले में आज मैनपुर तुहामेटा सहित विकासखण्ड क्षेत्रभर के कमार जनजाति के ग्रामीण जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुचकर कलेक्टर प्रभात मलिक एंव जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव को फिर एक ज्ञापन सौपकर ग्राम पंचायत तुहामेटा के सचिव निर्मल देशमुख को निलंबित करने के साथ ही एसटीएसी मामले के तहत अपराध दर्ज कर उन्हे जेल भेजने की मांग किया गया है और इस मामले को लेकर देर शाम को कमार जनजाति के ग्रामीण विशेष थाना अपराध दर्ज कराने पहुचे हुए है, इस मौके पर प्रमुख रूप से कमार विकास अभिकरण के अध्यक्ष सुखचन्द्र कमार, भुंजिया अभिकरण के अध्यक्ष ग्वाल सिंह सोरी, कमार विकास अभिकरण के सदस्य पिलेश्वर सोरी, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य अमृत लाल नागेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सफीक खान, आम आदमी पार्टी के बिन्द्रानवागढ विधानसभा प्रमुख सियाराम ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष बलिराम ठाकुर, ग्राम पंचायत तुहामेटा के उपसरपंच धरमीन सोरी, पूर्व जनपद सदस्य सुखचन्द्र ध्रुव ,पीडित सोमारू राम सहित बडी संख्या में कमार जनजाति के ग्रामीण उपस्थित थे।कमार जनजाति के मजदूर के साथ मारपीट मामले में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता आये सामने ग्राम पंचायत तुहामेटा में मजदूरी राशि मांगने के लिए 23 नवम्बर को विशेष पिछडी जनजाति कमार ग्रामीण सोमारू राम जब ग्राम पंचायत पहुचा तो सचिव निर्मल देशमुख द्वारा मजदूर को मजदूरी राशि देने के बजाय उसके साथ मारपीट किया और उसे लोहे की खिडकी में धक्का दे दिया साथ ही मजदूर के सर फटने से लहू लुहान हो गया, इस मामले को लेकर 28 नवम्बर सोमवार को कमार जनजाति के ग्रामीणो ने तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में रैली निकालकर जनपद पंचायत एंव एसडीएम कार्यालय पहुचकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौपा था साथ ही कल देर रात तक कमार जनजाति के ग्रामीणो की इस मामले में बैठक आयोजित किया गया आज मंगलवार को बडी संख्या में पुरे क्षेत्रभर से कमार जनजाति के लोग कमार विकास अभिकरण के अध्यक्ष सुखचन्द्र कमार के नेतृत्व में गरियाबंद कलेक्टर कार्यालय पहुचकर पुरे मामले से जिलाधीश को अवगत कराया है, साथ ही इस मामले में अब विभिन्न राजनीतिक पार्टियों कांग्रेस,आम आदमी पार्टी, जोगी जनता दल एंव भाजपा के भी नेता सामने आ गये है, और सभी के द्वारा एक संयुक्त रूप से आवेदन बनाकर ग्राम पंचायत सचिव निर्मल देशमुख को तत्काल निलंबित करने के साथ एसटीएसी मामला दर्ज कर जेल भेजने की मांग किया गया है वही मैनपुर से पहुचे कमार जनजाति के लोग इस मामले को लेकर एसटीएसी थाना भी अपराध दर्ज कराने पहुचे हुए है। इस मौके पर प्रमुख रूप से गणेशराम कमार, रामसिंह कमार, रामजीत कमार,बालसिंह, देवराम कमार, जगतराम, रामलाल, सुखराम, फिरतुराम, गुरूवारू, कौशिल्या बाई, सोनधर, राजबती, बुधराम, पार्वती सहित बडी संख्या में कमार जनजाति के लोग एंव विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महरा समाज जिला गरियाबंद के प्रतिनिध मंडल ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा रमन सिंह से की भेंट

### छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति के श्रेणी मे शामिल करने हेतु लोकसभा के शीतकालीन सत्र मे प्रस्ताव रखने हेतु किया अपील

महरा समाज जिला गरियाबंद के अध्यक्ष डा योगिराज माखन कश्यप के नेतृत्व मे 29 नवंबर को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय डा रमन सिंह जी से मुलाड़ात कर जाति प्रमाण पत्र के बिना हो रही समस्याओ से अवगत कराया गया। महरा समाज के जिला सचिव श्री कुमेन्द्र कश्यप ने बताया कि महरा जाति को छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति मे शामिल करने हेतु प्रस्ताव भारत के महारजिस्ट्रार से पारित होकर अभिमत के लिए आयोग मे फाइल पहुंचा हुवा था।समाज के प्रतिनिधि मंडल माननीय रमन सिंह जी से भेट कर आरक्षण के अभाव मे महरा समाज के परेशानियों से अवगत कराया गया।उक्त मामलो में विस्तृत जानकारी हेतु सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय मंत्री माननीय बीरेन्द्र कुमार खटीक केंद्रीय मंत्री से जानकारी प्राप्त



कर समाज के प्रतिनिधि मंडल को अवगत कराने हेतु निवेदन किया गया है। डा सिंह द्वारा सहानुभूति पुर्वक चर्चा करते हुए समाज के प्रतिनिधि मंडल को केंद्र सरकार के समक्ष पहुंचने एवं सहयोग करने की बात कही वही संबंधित मंत्री जी के समक्ष बात रखने हेतु मार्गदर्शन किया गया।आगामी समय मे महरा समाज के प्रतिनिधि मंडल शीतकालीन सत्र के दरमियान दिल्ली जा कर प्रमुखता से बात रखेगा।प्रमुख रूप से समाज के प्रतिनिधि मंडल मे समाज के अध्यक्ष डा योगिराज माखन कश्यप,उपाध्यक्ष कंचन कुमार कश्यप,सचिव श्री कुमेन्द्र कश्यप,कोषाध्यक्ष श्री खिरनाथ कश्यप,प्रवक्ता श्री गजेन्द्र कश्यप,सह् सचिव श्री जगदीश कश्यप कार्यकारणी सदस्य श्री किशन राम कश्यप,श्री गौरी शंकर कश्यप उपस्थित रहे।

## 30 साल सफलता पूर्वक देश की सेवा कर कल ग्राहनगर वापसी फेरन सिंह राजावत जी की

### सिपाही से शुरुवात और आर्डिनरी कैप्टेन के पद से सेवानिवृत



आज से लगभग 30 वर्ष पहले कुंवर फेरन सिंह एक छोटे से गाओं ग्राम गोरा जिला भिंड से निकलकर देश की सेवा करने के लिए निकले और उन्हें भारत सरकार द्वारा सिपाही के पद पर नियुक्ति मिली फेरन सिंह को शुरू से ही देश की सेवा करने का जस्बा था उन्हीने अपने इस तीस साल के कार्यकाल मे देश के लिए कई अहम जिम्मेदारी निभाई जिसमे एक ब?ी जिम्मेदारी कारगिल युद्ध मे अपनी जान पे खेलकर देश को जीत दिलाई इन सबको देखते हुए फेरन सिंह को कई इसी क्रम मे कल फेरन सिंह के गृह वापसी पर उनके राजावत परिवार मे एक खुशी का माहौल बना है उनके इष्ट मित्र एवं उनके फौजी साथी स्टेशन पहुंच कर उनका भव्य स्वागत कर उनके जस्बे को सलाम करेंगे उसके बाद रोडशो के माध्यम से अपने पैतृक निवास ग्राम गोरा मे सभा आयोजित कर सभी ग्रामनिवासियो द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा पत्र भी प्रदान किए गएइसी क्रम मे कल फेरन सिंह के गृह वापसी पर उनके राजावत परिवार मे एक खुशी का माहौल बना है उनके इष्ट मित्र एवं उनकेफौजी साथी स्टेशन पहुंच कर उनका भव्य स्वागत कर उनके जस्बे को सलाम करेंगे उसके बाद रोडशो के माध्यम से अपने पैतृक निवास ग्राम गोरा मे सभा आयोजित कर सभी ग्रामनिवासियो द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा

## प्रॉपर्टी को लेकर भाइयों में चल रहा है विवाद, आमने-सामने आते ही चली गोलियां

**ग्वालियर।**ग्वालियर में प्रॉपर्टी विवाद के चलते एक युवक ने छोटे भाई को गोली मार दी। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के कोटा वाले मोहल्ले में बुधवार की है। पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर उससे पूछताछ कर रही है।ग्वालियर थाना क्षेत्र के कोटे वाला मोहल्ला में रहने वाले गोपाल तोमर (34) पुत्र देवी सिंह तोमर का प्रॉपर्टी के चलते बड़े भाई गोविन्द तोमर से विवाद चल रहा था। बीते रोज भी इसकी शिकायत गोपाल ने एसपी ऑफिस में जनसुनवाई में की थी। यहां बुधवार को गोविन्द आया और कमर से कट्टा निकालकर गोपाल को पीछे से गोली मार दी। गोली गोपाल की पीठ में लगी है। घटना का पता चलते ही अन्य परिजन घायल को लेकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोविंद तोमर को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल, गोपाल की हालत खतरे से बाहर है।घायल के फूफा रामबाबू सिंह कुशवाहा ने बताया कि घायल गोपाल और उसके बड़े भाई गोविंद का प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों को समझाने के लिए रिश्तेदारों को बैठाकर सुलह कराने की कोशिश की गई थी। दोनों भाइयों की मां के पास तीन मकान हैं। इसमें से एक में मां के साथ दोनों भाई साथ रहते हैं। अन्य दो मकान हैं, उनमें से दोनों एक-एक मकान का किराया लेते हैं। बड़े भाई गोविंद का कहना है कि छोटे भाई गोपाल के मकान में जो किराया आता है, उसमें से भी हिस्सा दिया जाए।एसआई रमाकांत उपाध्याय ने बताया कि प्रॉपर्टी को लेकर कोटा वाले मोहल्ले में रहने वाले गोविंद और गोपाल तोमर नाम के दो भाइयों का विवाद चल रहा था। इसके चलते बड़े भाई गोविंद ने छोटे भाई गोपाल को कट्टे से पीठ में गोली मार दी है। जिससे छोटा भाई गोपाल घायल हो गया है। घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया पूछताछ की जा रही है।




## गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किये जाने की मांग को लेकर गौसेवको का धरना प्रदर्शन शुरु

### वेसहारा गायों के लिए प्रशासनिक स्तर पर होना चाहिए समुचित इंतजाम सन्तोष चौहान

**ग्वालियर.**गोले के मंन्दिर चौराहे पर राष्टपति द्वारा सम्मानित गौरक्षा संगठन संस्थापक सन्तोष चौहान के नेतृत्व में गौ माता को राष्टीय पशु घोषित किये जाने एवं वेसहारा गौवंशो के प्रशासनिक स्तर पर रख रखाव के समुचित प्रवंध किये जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया गया है सन्तोष चौहान ने हर वर्ग के सभी गौ भक्तों से अनुरोध करते हुए कहा कि कलयुग के प्रभाव से गौ माता पर आये संकट काल में देव स्वरुप गौ माता की रक्षा सुरक्षा के लिए धरना प्रदर्शन मे सम्मलित होकर गौ




माता के हित की आवाज उठाये गौ माता को राष्टीय पशु घोषित किये जाने के लिए सरकार से मांग करे गौ माता के हर तरफ अत्यन्त कष्ट दायक दुखत हालातों को देखते हुए गौ माता का राष्टीय पशु घोषित किये जाने की अति आवश्यकता है सरकार द्वारा गौ माता को राष्टीय पशु घोषित किया जाना ही गौ दुर्दशा का स्थाई समाधान हैधरना प्रदर्शन मे नगर के गौसेवक एवं साधु संन्त भी सम्मिलित हो रहे हैं

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478